


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 291 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 23 जुलाई 2025 डाक 24 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

## झाड़ियों से 10 किलो का आईईडी बम बरामद



**सुकमा, 23 जुलाई [एजेंसी]।**

जिले में एक बार फिर नक्सलियों की बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने समय रहते नाकाम कर दिया। लखापाल के जंगलों के बीच नक्सलियों के छिपाकर रखे गए 10 किलो वजनी आईईडी बम को सीआरपीएफ 74वीं बटालियन की बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया।

मिली जानकारी अनुसार घटना सोमवार की है, जब 74वीं बटालियन की ई और एफ कंपनी के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। अभियान के दौरान लखापाल क्षेत्र में संदिग्ध हलचल के संकेत मिलने पर जवानों ने सतर्कता बरतते हुए इलाके की बारीकी से जांच की। इसी दौरान झाड़ियों के बीच छिपाकर रखा गया शक्तिशाली आईईडी बम मिला। सूचना मिलते ही बीडीएस टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षात्मक घेरे में बम को नियंत्रित विस्फोट से डियूज कर दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।


## मानसून सत्र के तीसरे दिन भी हंगामा, नारेबाजी-विरोध के बीच लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

**नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।**

आज संसद के मानसून सत्र का तीसरा दिन है। लोकसभा और राज्यसभा में आज भी विपक्ष हंगामा कर सकता है। इससे पहले दूसरे दिन की कार्यवाही भी हंगामे की भेंट चढ़ गई। विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में चुनाव आयोग के एसआईआर पर जमकर हंगामा किया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध दूर होने के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। आज तीसरे दिन की कार्यवाही में लोकसभा औ राज्यसभा में क्या कुछ होने की संभावना है। संसद के अंदर से लेकर बाहर तक सियासी संग्राम देखने को मिला। विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा में बिहार एसआईआर का मुद्दा उठाया और जमकर हंगामा किया। नारेबाजी और हंगामे के कारण कार्यवाही नहीं चल सकी। 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद पहले दोपहर 12 बजे, फिर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। बाद में हंगामा न थमता देख दोनों सदनों के पीठासीन सभापति ने कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। सोमवार को भी सदन कार्यवाही विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गई थी। वहीं लोकसभा में विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने नारेबाजी कर रहे सांसदों को आड़े हाथों लिया और कहा, आप सड़क का व्यवहार संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। ओम बिरला ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी।

माननीय हो आप माननीय जैसा व्यवहार करें। संसद के मानसून सत्र में तीसरे दिन की कार्यवाही से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संघ प्रमुख भागवत जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया को खारिज करते हैं। विश्वविद्यालयों में इतिहास के प्रोफेसरों की कही बातों को भी खारिज करते हैं। आरएसएस का इतिहास देश के इतिहास से अलग है।

खरगे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी राज्यसभा में नियम 267 के तहत कार्य स्थगन का नोटिस दिया है। उन्होंने दिल्ली में जबरन बेदखली के कारण उपजे गंभीर मानवीय संकट पर चर्चा की मांग की है। संसद के मानसून सत्र में कामकाज से जुड़े एक सवाल पर भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने कहा, विपक्षी गठबंधन- INDIA ब्लॉक के सभी सांसद हंगामा कर रहे हैं। जनता का सारा पैसा बर्बाद हो रहा है। कोई सार्थक चर्चा नहीं हो रही है। हंगामे के लिए विपक्ष जिम्मेदार है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर भाजपा सांसद ने कहा, कोई किसी को बताकर बीमार नहीं होता, मैं भी अभी अस्वस्थ हो सकता हूं। धनखड़ अस्वस्थ हैं। इस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा नहीं होनी चाहिए।




## शेखपुरा में कांवड़ियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त चार दर्जन श्रद्धालु घायल, कई की हालत गंभीर



**शेखपुरा, 23 जुलाई [एजेंसी]।**

शेखपुरा शहर से शाहपुर जाने वाले रास्ते में कोसुम्बा गांव के पास गोपालगंज के कांवड़ियों से भरी एक बस तार के पेड़ से टकरा गई। इसमें चार दर्जन कांवड़ियों घायल हो गए। इसमें महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। सभी घायलों को शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कांवड़ियों ने बताया कि वे गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के शेखपरसा से आए हैं।

यहां के विभिन्न गांवों के लोग नव युवक कांवड़ियों संघ की बस से धार्मिक यात्रा पर निकले थे, जिसमें सभी लोग सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ में पूजा-अर्चना के बाद गोपालगंज के थावे होते हुए राजगीर जा रहे थे।इसी दौरान यह हादसा हुआ। यह बस 18 जुलाई को गोपालगंज से रवाना हुई थी। बताया गया कि रास्ते में एक पिकअप वाहन फंस गया था, जिसे बचाने के चक्कर में बस तार के पेड़ से टकरा गई, जिससे सभी लोग घायल हो गए। उधर, सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है।घायलों में निर्मला देवी, सुभाष साह, देवेंद्र यादव, अंशु बैठा आदि की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से 2 कांवड़ियों की मौत 30 अन्य भी झुलसे, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**नई दिल्ली।** राजस्थान के अलवर जिले में बुधवार को कांवड़ियों से भरा एक ट्रक बिजली के लटकते तार की चपेट में आ गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब कांवड़ियों और कुछ स्थानीय लोगों का एक समूह गांव की परिक्रमा कर रहा था। पुलिस ने कहा, दो लोगों की मौत हो गई है और लगभग 30 घायल हैं। बीचगंवा गांव में हुई इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने लटकते बिजली के तारों के विरोध में लक्ष्मणगढ़-मुंडावर मार्ग जाम कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लटकते तारों की शिकायत अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।







## जस्टिस वर्मा मामले में सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट CJI ने किया अलग बेंच के गठन का ऐलान

**नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।**



इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि उनकी याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई हो।यह याचिका एक इन-हाउस जांच कमेटी की उस रिपोर्ट को रद करने के लिए दायर की गई है, जिसमें उन्हें नकदी कांड में गलत आचरण का दोषी ठहराया गया है। जस्टिस वर्मा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए इसे तुरंत सुनने की अपील की है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया। उन्होंने चीफ जस्टिस बी आर गवई से अनुरोध किया कि इस याचिका को जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि इसमें कुछ अहम संवैधानिक सवाल उठाए गए हैं।

चीफ जस्टिस गवई ने कहा, मुझे एक बेंच गठित करनी होगी। इस बेंच में जस्टिस के विनोद चंद्रन और जॉयमल्या बागची भी शामिल थे।जस्टिस वर्मा ने अपनी याचिका में तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की 8 मई की उस सिफारिश को रद करने की मांग की है, जिसमें संसद से उनके खिलाफ इम्पीचमेंट की कार्रवाई शुरू करने की बात कही गई थी।
















# गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस



### कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को सौपीं जिम्मेदारी



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु बैठक लेकर सभी विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी निर्धारित कर कर्तव्यों का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए है। आजादी के पर्व के दौरान 15 अगस्त को शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्रध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ ध्वज फहराया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह कोरबा नगरीय क्षेत्र के फुटबाल मैदान सीएसईबी कोरबा पूर्व में आयोजित होगा। 15 अगस्त को समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय संस्थाओं में प्रातः 7 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण एवं सलामी कार्यक्रम के प्रभारी पुलिस अधीक्षक होंगे। जिसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरूष व महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष व महिला दल भाग लेंगे। स्वतंत्रता दिवस आयोजन का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को प्रातः 9 बजे किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सम्पूर्ण प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी व परियोजना अधिकारी राजीव गांधी शिक्षा मिशन होंगे।

फुटबाल मैदान सीएसईबी कोरबा पूर्व की ग्राउण्ड व्यवस्था, साफ-सफाई, शामियाना, माईक व्यवस्था, कुर्सी, सोफा सेट, गमले, व्हीआईपी हेतु पेय जल व्यवस्था, ध्वजारोहण, मंच की साज सज्जा, गुब्बारे झण्डे आदि की व्यवस्था नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा किया जायेगा। झंडे हेतु खम्भे एवं आवागमन हेतु बेरीकेडिंग लगाने लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है। बांस-बल्ली हेतु वन विभाग कोरबा को जिम्मेदारी दी गई। विद्युत संबंधी व्यवस्था की देखरेख अनुविभागाय अधिकारी विद्युत/यांत्रिकी विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल में निर्बाध गति से विद्युत व्यवस्था का संचालन कार्यपालन अभियंता वितरण सीएसईबी शहर संभाग कोरबा की होगी। समारोह स्थल पर मुख्य अतिथि एवं जन समुदाय की बैठक सम्बंधित व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा एवं तहसीलदार कोरबा को सौपी गई है। राष्ट्रगान की प्रस्तुति पुलिस बैंड द्वारा दी जाएगी। निमंत्रण पत्र छपाई की व्यवस्था मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा एवं वितरण की व्यवस्था प्रोटोकॉल अधिकारी कोरबा द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम एवं रिहर्सल में आवश्यकता अनुसार वाहन व्यवस्था प्रोटोकॉल अधिकारी व जिला परिवहन अधिकारी द्वारा की जाएगी। मार्च पास्ट एवं रिहर्सल में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों के स्वल्पाहार की व्यवस्था महाप्रबंधक एनटीपीसी एवं मुख्य समारोह के दिवस स्वल्पाहार की व्यवस्था आयुक्त नगर पालिका निगम द्वारा किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वाले अन्य अतिथियों हेतु चिकित्सा व्यवस्था के प्रभारी सीएमएचओ होंगे। समारोह स्थल पर आवश्यक डॉक्टर, स्टाफ एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र छपवाने की व्यवस्था जिला पंचायत कोरबा द्वारा किया जाएगा। सभी विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2 अधिकारी/ कर्मचारियों को 15 अगस्त समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार की व्यवस्था सीईओ बाल्को, मुख्य अभियंता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व, मुख्य अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल उत्पादन कोरबा पश्चिम एवं महाप्रबंधक एसईसीएल द्वारा किया जाएगा। पुरस्कार वितरण की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला पंचायत कोरबा को सौपीं गई है।

### स्वतंत्रता सह सद्भावना दौड़ 14 अगस्त को-

14 अगस्त को प्रातः 8 बजे सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस दौड़ में सभी नागरिक, छात्र-छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह दौड़ घंटाघर चौक से प्रारंभ होकर निहारिका-सुभाष चौक बायां मुड़ते हुए विद्युत गृह स्कूल - बुधवारी बाजार चौक जैन मंदिर से-महाराणा प्रताप चौक से होते हुए पुनः घंटाघर स्थित ओपन थियेटर में समाप्त होगी।

### राष्ट्रध्वज की गरिमा का रखे विशेष ध्यान:-

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यालय में फहराये जाने वाले राष्ट्रध्वज की जांच पड़ताल कर लें। राष्ट्रध्वज कटे-फटे व छेद युक्त न हो, साफ-सुथरे हों तथा राष्ट्रध्वज सीधे फहराये जाएं। राष्ट्रध्वज की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाएं। फ्लेग कोड के प्रावधानों का किसी भी स्थिति में उल्लंघन न हो।

## स्पॉन्सरशिप योजना से संवर रहा बच्चों का भविष्य

**कोरबा।** जिलों में बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किए जाने हेतु किशोर न्याय अधिनियम तथा आदर्श नियम के प्रावधान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से मिशन वात्सल्य (एकीकृत बाल संरक्षण) योजना संचालित है। योजना अंतर्गत विधि से संघर्षरत एवं देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु राज्य बाल संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ के माध्यम से सभी जिलों में संस्थागत एवं गैर संस्थागत सेवाएं उपलब्ध है। जिसके अंतर्गत जिले में किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यरत है। जिले में निवासरत ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता नहीं है

। जिन्हें देखरेख एवं संरक्षण तथा पालन पोषण, शिक्षा हेतु विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन बच्चों हेतु शासन की स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत चार हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। ताकि उन बच्चों को बेहतर देखरेख एवं संरक्षण तथा पालन पोषण, शिक्षा प्राप्त हो सके। इस उद्देश्य के परिपालन में कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला बालक कल्याण एवं संरक्षण समिति जिला कोरबा श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रेणु प्रकाश, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री गजेन्द्र देव सिंह के मार्गदर्शन में बालक कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्पॉन्सरशिप कमेटी के माध्यम से अब तक 122 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## डीएमएफ से मिले कार्यों का टेंडर समय पर पूरा करें निर्माण एजेंसी:कलेक्टर अजीत वसंत



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों का टेण्डर निर्माण एजेंसी समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सितंबर माह से प्रस्तावित कार्यों को प्रारंभ करने के दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुराने छात्रावासों में जहाँ अधीक्षक आवास नहीं बने हैं, उन छात्रावासों की सूची उपलब्ध कराने के साथ ही आवास हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो हितग्राही आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड से वंचित है उन्हें लाभान्वित करने के लिए जनपद सीईओ के सहयोग से संबंधित क्षेत्र में शिविर लगाकर उनका कार्ड बनाया जाए। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में वंचित हितग्राहियों का अनिवार्य रूप से आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड बनाने के निर्देश नगर निगम, एसडीएम, जनपद को दिए। कलेक्टर ने योजना बनाकर शिविर लगाने और वंचित होने पर संबंधित के विषय में पर्याप्त कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार अपडेशन में सहयोग नहीं करने वाले ऑपरेटरों की आइडी ब्लॉक करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी में संचालित रसोई में गैस का उपयोग करने और समय पर रिफलिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर संबंधित क्षेत्र में निरीक्षण करें और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनपद अन्तर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वर्ष 2020 के पूर्व स्वीकृत कार्यों में से स्कूल भवन एवं अन्य कार्य अधूरे हैं उसका परीक्षण करा लें। भवन के जर्जर हो जाने अथवा वसूली प्रकरण वाले मामले में प्रकरण दर्ज कर रिवाइज्ड स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करें ताकि अधूरे भवन को पूर्ण कराया जा सके। कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों अन्तर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत एवं सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में आयोजित होगा निःशुल्क कैंसर जॉच एव परामर्श शिविर कल

**कोरबा ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोरबा एवं बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 24 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक सामु.स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में निःशुल्क कैसर जॉच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जायेगा । इस शिविर में विश्व स्तरीय कैंसर विशषज्ञों द्वारा जॉच एवं परामर्श दिया जावेगा। तथा मेमाग्राफी मशीन, मुख कैसर परीक्षण (ब्रश साईटोलॉजी), स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर) सेवायें उपलब्ध होंगी।

मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी ने बताया कि किसी भी महिला या पुरूष में लक्षण दिख रहे हैं जैसे स्तन में गॉठ, मुंह में अल्सर या गले में गॉठ, मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन, थकान व वजन में अनापेक्षित बदलाव, लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ, खून की कमी, सिकलसेल एनीमिया, थैलेसिमिया, रक्त संबंधित बिमारियां, निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव, रक्तस्त्राव या चोट न भरना, रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना ये कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जिले के लोगों से अपील किया है कि जिस किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण दिखाई दे रहे हैं वे उक्त शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में जॉच करावें।

## पशुधन विकास विभाग स्थायी समिति की बैठक 25 जुलाई को

**कोरबा ।** जिला पंचायत कोरबा की पशुधन विकास विभाग स्थायी समिति की बैठक 25 जुलाई को दोपहर एक बजे कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें कोरबा में आयोजित की गई है।

## आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने छात्राओं से आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजना कन्या जिला दुर्ग में संचालित है। जिसमें विज्ञान (गणित एवं जीव विज्ञान संकाय) तथा वाणिज्य विषय में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाता है। इस योजना के अंतर्गत छात्राओं को स्नातक, स्नाकोत्तर एव बी.एड. तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। योजना का यह उद्देश्य है कि अनुसूचित क्षेत्रों में उल्लेखित विषयों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए योजना विभाग द्वारा संचालित की गई है।कोरबा जिला अंतर्गत इस योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक छात्राएँ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा जिला-कोरबा में आवेदन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क कर सकते हैं।

## पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु मेरिट सूची जारी

**कोरबा ।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 को आयोजित किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में सम्मलित हुए छात्र-छात्राओं का अंकों के आधार पर मैरिट सूची जारी किया गया है, जिसका अवलोकन जिले की वेबसाइट एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा के सूचना पटल में किया जा सकता है।

## एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में महिलाओं और भूविस्थापित परिवार का प्रदर्शन

**कोरबा।** एस ई सी एल कुसमुंडा क्षेत्र में अपने रोजगार की मांग पर विगत दिवस महिलाओं द्वारा मजबूर होकर किये गए अर्धनग्न प्रदर्शन तथा लंबे समय से चलाये जा आंदोलन में उठायी जा रही मांगो के समर्थन में ऊर्जधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर भूविस्थापितों को न्याय दिलाने हेतु उचित कार्यवाही किया जाए । ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने केंद्र व राज्य महिला आयोग से पूरे मामले को अपने संज्ञान में लेकर कार्यवाही की मांग किया है उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले में स्थित एस ई सी एल कुसमुंडा क्षेत्र में अपने रोजगार की मांग पर महिलाओं द्वारा मजबूर होकर अर्धनग्न प्रदर्शन किया गया इससे पूर्व खनन क्षेत्र में आन्दोलन करने के कारण उन्हें जेल भेजा गया था महिलाओं के प्रति संवेदनशील सरकार के द्वारा उठाये जा रहे सार्थक कदम के बावजूद ऐसी स्थिति निर्मित हो जाना काफी गंभीर विषय है और चिंतनीय है उन्होंने आगे कहा है कि कोरबा जिले में औद्योगीकरण 60 के दशक से शुरू हो गया था और अब बड़े पैमाने पर कोयला खनन, पॉवर प्लांट से होने वाले बिजली उत्पादन और आपूर्ति के चलते इस क्षेत्र के खनिज संसाधनों का दोहन, परियोजनाओं का विस्तार और खनिज परिवहन (नई रेल लाइन) भी राष्ट्रिय हित में लगातार हो रहा है इन परियोजनाओं के चलते बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र में भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया हुई और स्थानीय समुदाय को अपने निवास गाँव, कृषि भूमि और वन भूमि जिस पर इनके पारंपरिक निस्तार और अधिकार निहित थे उससे विस्थापित होना पड़ा किन्तु आज तक भी भू-विस्थापितों को पूर्ण एवं विधिवत पुनर्व्यवस्थापन नहीं मिल पाया जो उनका अधिकार है ।

## डीएम ने कहा सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान प्रतिवर्ष आईटी कॉलेज कोरबा के 10-10 विद्यार्थियों को दें रोजगार



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कोरबा के सुचारू एवं निर्बाध संचालन के लिए जिले के प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री मनोज बंजारे सहित एनटीपीसी, सीएसईबी, बालको, एसईसीएल कोरबा एवं अडानी इंडस्ट्रीज एवं आईटी कॉलेज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में आईटी कोरबा की वर्तमान वित्तीय स्थिति, संस्थान की चुनौतियाँ, संचालन से जुड़ी आवश्यकताओं और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।कलेक्टर ने कहा कि संस्थान गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है, जिससे कर्मचारियों के वेतन, संचालन व्यय एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने संस्थान को इस संकट से उबारने हेतु सभी औद्योगिक उपक्रमों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। जिससे कॉलेज का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जा सके।कलेक्टर श्री वसंत ने बालको को चालू वित्तीय वर्ष में संस्था को न्यूनतम 2 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके लिए बालको बोर्ड की मीटिंग में प्रस्ताव रखकर कर स्वीकृति लेने के लिए कहा। साथ ही अन्य सभी औद्योगिक संस्थानों को भी आईटी कोरबा के संचालन में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई औद्योगिक संस्थान आईटी कॉलेज के संचालन में रूचि रखता है, तो वह औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर सकता है। साथ ही कॉलेज के भविष्य के संचालन हेतु उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप रोजगारोन्मुखी डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु भी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को विचार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को प्लेसमेंट के माध्यम से प्रतिवर्ष आईटी कॉलेज कोरबा से अध्ययनरत 10-10 विद्यार्थियों को अपने यहां नियोजित करने के निर्देश दिए। इस हेतु इंडस्ट्रीज को अपने-अपने बोर्ड की बैठक में एजेंडा शामिल कर इस सम्बंध में सकारात्मक निर्णय लेने हेतु निर्देशित किया।

## अपर आयुक्त ने किया विभिन्न मोहल्ले का भ्रमण दिए आवश्यक निर्देश

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आज अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने नियमित रूप से शहर भ्रमण क्रम में वार्ड व बस्तियों में अधिकारियों की टीम के साथ दस्तक देने के परिणाम स्वरूप शहर के विकास कार्या को लगातार गति मिल रही है। वहीं दूसरी ओर जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो रहा है। इसी कड़ी में अपर आयुक्त ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 05 एवं 06 के विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों का भ्रमण किया, प्रगतिरत विकास कार्यो को देखा तथा साफ-सफाई कार्यो का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।अपर आयुक्त विनय मिश्रा द्वारा अधिकारियों की टीम के साथ निकले नगर के विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए, साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। वार्ड वासियों से रूबरू होकर निगम के साफ-सफाई कार्यो पर चर्चा की तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इसी कड़ी में पुरानी बस्ती, आदिले मोहल्ला, दुरपा रोड, रानी धनराजकुंवर रोड, दुर्गा मंदिर, के.एन.कालेज रोड, देवांगनपारा बस्तियों का भ्रमण करते हुए सफाई कार्यो निरीक्षण किया। वहॉं के दुकानदारों से चर्चा करते हुए उन्हें समझाईश दी कि वे अपने दुकानों प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन आवश्यक रूप से रखें व दुकानों में आने वाले ग्राहकों से वे आग्रह करें कि कचरा डस्टबिन में ही डालें। इसके अतिरिक्त उप जोन प्रभारी एवं राजस्व के अन्य कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड में किसी प्रकार का अतिक्रमण अवैध कब्जा की कार्यवाही न हों, इसका विशेष ध्यान रखा जावें एवं अतिक्रमण की दशा में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

?उन्होने स्वच्छता दीदियों से कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण करते समय उन्हें प्रदाय की गई पुस्तिका में नियमित रूप से प्रतिदिन कचरा संग्रहण का समय संधारित किया करें ताकि वार्डवासियों को यह ज्ञात हो सके कि किस निर्धारित समय पर अपशिष्ट कलेक्शन हेतु स्वच्छता दीदियॉं डोर-टू-डोर कचरा लेने उनके यहॉं आती है। उन्होने ने वार्ड में भ्रमण दौरान यह पाया कि सड़क किनारे सी.एण्ड डी. वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री को डम्प कर रखा गया था, भवन के निर्माण नहीं होने से सड़क में जाम की स्थिति की वजह से आवागमन करने वालों को असुविधा हो रही है। उन्होने भवन स्वामियों से कहा कि यदि वे भवन निर्माण कराने हेतु यह सामग्री रखें हैं तो तत्काल निर्माण कार्य पूर्ण कर लेवें अथवा यह सामग्री यहॉं से हटवा लेवें ताकि आने जाने वाले राहगिरों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।देवांगनपारा बस्ती के भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने वार्ड के नागरिकों से प्रत्यक्ष रूबरू होकर निगम द्वारा किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो पर चर्चा की, उन्होने नागरिकों से जानना चाहा कि उनके घरों से प्रतिदिन अपशिष्ट का संग्रहण किया जा रहा है या नहीं, जिस पर वार्डवासियों ने बताया कि निगम की स्वच्छता दीदियॉं नियमित रूप से निर्धारित समय पर डोर-टू-डोर भ्रमण करती है तथा कचरे का संग्रहण नियमित रूप से उनके द्वारा किया जा रहा है। उन्होने लोगों से साफ-सफाई कार्यो पर चर्चा करते हुए बेहतर स्वच्छता कार्ये हेतु उनके सुझाव भी मांगे, साथ ही वार्ड की समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।भ्रमण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, उप अभियंता विनोद कुमार गोंड़, जागेश्वर यादव, संतोष सांडे, ओमप्रकाश श्रीवास, तीजराम, गिरवर विश्वकर्मा आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दर्री पुलिस द्वारा बैंकों को जारी किए गए सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश

कोरबा । कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देश में सजग कोरबा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी बैंकों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पिछले दिनों थाना व चौकी स्तर पर किए गए सुरक्षा ऑडिट के दौरान बैंकों में पाई गई खामियों को गंभीरता से लेते हुए, कोरबा पुलिस द्वारा बैंक प्रबंधनों को समयबद्ध सुधार हेतु निर्देशित किया गया है।जारी निर्देशों के अनुसार, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान और जानकारी सुरक्षित रूप से संकलित की जाए। बैंक के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः क्रियाशील एवं रिकॉर्डिंग स्थिति में होने चाहिए। सुरक्षा गार्ड का समय-समय पर चरित्र सत्यापन किया जाए तथा उनके पास प्रयुक्त हथियार चालू स्थिति में हों। बैंक के खुलने और बंद होने का समय निश्चित हो और उसका कड़ाई से पालन किया जाए। सायरन और अलार्म सिस्टम पूर्णतः कार्यशील अवस्था में रहें। सीसीटीवी रिकॉर्डर को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। जिससे आपात स्थिति में फुटेज उपलब्ध हो सके। बैंक अधिकारियों के पास नजदीकी थाना,

### राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने जेएमएस लेबर प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण दिल्ली रवाना

**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास जेएमएस लेबर प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 24/7/25 दिन गुरुवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कांस्टीटयूसन क्लब नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष लेबर प्रकोष्ठ के राजेश पासवान नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई है उक्त बैठक में भारत के सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महासचिव प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान होंगे साथ हि पार्टी के प्रधान महासचिव मा, अब्दुल खालिक व पार्टी के सासंदगण भी उपस्थित रहेंगे इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश के जेएमएस संयोजक बी अरूण नायडू प्रदेश प्रधान महासचिव संगठन प्रभारी चन्द्रशेखर जनबंधु प्रदेश सचिव नीरज चौधरी व श्रवण कुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष दुर्ग सामसन सैम्युअल दुर्ग जिला मिडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता उत्तम कुमार जिला अध्यक्ष बिलासपुर रामविलास यादव सभी पदाधिकारी उक्त बैठक में दिल्ली में भाग लेंगे।



## चोटिया वासियों ने लिया लावारिश गौवंशो की सेवा करने का संकल्प



**कोरबा।** कोरबा जिले के अंतर्गत एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के एक छोटा सा ग्राम पंचायत चोटिया,सरपंच प्रतिनिधि राय सिंह बिंझवार, के नेतृत्व में आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में हो रही अकाल मृत्यु को लेकर गौ माता की सेवा में निस्वार्थ भाव से सैकड़ो लावारिस मवेशियों को चारा, पानी, और उनके रहवास की सुविधा गौठान ,श्रमदान से तैयार कर एक नये कीर्तिमान रची है! एक विशेष मुलाकात में चोटिया के नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती प्यारो बाई बिंझवार, ने हमारे संवाददाता को बताया कि आये दिन कटघोरा अंबिकापुर एन एच मार्ग 130 , एवं स्टेट हाईवे चिरमिरी चोटिया मार्ग में पिछले एक सप्ताह के भीतर लगभग 22 मवेशियों की सड़क दुर्घटना से जाने जा चुकी है, और सड़क दिनों दिन खुन से लाल हो रही है,इन घटनाओं को रोकने व गौ माता की अकाल मृत्यु से निपटने के लिए सरपंच प्रतिनिधि राय सिंह बिंझवार, ने 5 जुलाई को एक आवश्यक बैठक बुलाई और लगातार हो रही मवेशियों की सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुरे गांव के महिला एवं पुरूषों ने निस्वार्थ भाव के साथ एक जुट होकर , सैकड़ो की तादात में मार्ग में बैठे लावारिस मवेशियों को उनके निश्चित सुरक्षित स्थान पर रखने का निर्णय लिया गया है, जिसमें मुख्य रूप से सरपंच श्रीमती प्यारो बाई बिंझवार, के उपस्थित में राधे कृष्णा गौ सेवा समिति (नवापारा) चोटिया के नाम एक समिति का गठन कर उसमें सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें अध्यक्ष - विश्राम सिंह, उपाध्यक्ष समेलाल, शिवसिंह, सचिव महेश दास, कोषाध्यक्ष घुरसाय,सह. सचिव मंतराम बिंझवार, सहित उप कोषाध्यक्ष सुमेर सिंह, के अलावा 19 पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में चुना गया है और उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है, सरपंच प्रतिनिधि राय सिंह बिंझवार, ने यह भी बताया कि शासन के आदेशानुसार चोटिया, में शीघ्र ही छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अधिनियम 2004 के तहत संस्था के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन देने की कार्रवाई की जा रही है, और छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग को इस संबंध में शुल्क प्रदान कर रशीद प्राप्त कर ली गई है इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले सर्व श्री श्याम दास, देवसाय, इश्वर दयाल, बुद्धेश्वर सिंह, आनन्द राम, बुधवार सिंह, अमृतलाल, प्रकाश दास, के अलावा, अन्य ग्रामीणजनो ने निस्वार्थ भाव से अपना श्रमदान कर सहयोग देने का निर्णय लिया है!

# डॉ. महंत ने कहा,जांच एजेंसियां कार्यकर्ताओं को ना करें परेशान

## तरौद चौक पर कांग्रेसियों ने किया दो घंटे चक्काजाम



**जांजगीर चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर तरौद चौक में मंगलवार 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया जिसमें बड़ी संख्या में जिले के कांग्रेसजन सम्मिलित हुए तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं के विरुद्ध सरकारी एजेंशियों के विरुद्ध नारेबाजी कर विरोध किया गया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की खनिज संपदा कोयला को लूटने आये बड़े-बड़े उद्योगपति अडानी, अंबानी, मित्तल जो बस्तर सरगुजा को बर्बाद करने आये है उनके लिए चेतावनी है कि वे छत्तीसगढ़ के लोगो के साथ अन्याय बंद करें तथा इसके विरोध करने वाले नेताओं को इंडी, सीबीआई के माध्यम से प्रताड़ित करना - बंद करें। इस कड़ी में बस्तर के पूर्व मंत्री प्रदेश के युवा विधायक एवं अब पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र को ईडी के माध्यम से प्रताडित किया जा रहा है जो कि पूरी तरह अनुचित है। छत्तीसगढ़ में कहावत है कि मैं तुमसे नहीं जीत सका तो तुम्हारे पेट के बच्चों से बदला लुंगा चरितार्थ कर रहे है जिसके विरुद्ध सभी कांग्रेस एक है। कार्यक्रम के संयोजक विधायक व्यास कश्यप ने अपने उदबोध में कहा कि ईंडी के द्वारा जिस प्रकार विधायक कवासी लकमा देवेन्द्र यादव के बाद चैतन्य बघेल को ईडी के माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है जिसकी विभिन्न मामले सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा भी ईडी को फटकार लगाई गई है, इस पर रोक लगाई जाये, शासन तो आता जाता रहता है इन संस्थाओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कटपुतली बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करना बंद करें। क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हमने विधानसभा में अडानी द्वारा किये जा रहे जंगलो की कटाई का विरोध चक्काजाम में शामिल छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महत एवं कांग्रेस कार्यकर्ता।

किया तथा जो नारे यहां लगा रहे है ऐसे नारे लगाने पर सदन से बाहर कर दिया गया केन्द्र एवं राज्य सरकार के कारनामों को कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तव उठाते रहेगी, कांग्रेसजन सरकारी एजेंशियों के दुरुपयोग कर प्रताडित करने से डरने वाले नहीं है ये तो अंगड़ाई है आगे बड़ी लड़ाई के लिए भी हम तैयार है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ़ हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने किया। इस अवसर पर शिशिर द्विवेदी, रमेश पैगवार, नागेन्द्र गुप्ता, रामकुमार पटेल, मंजू सिंह, रफीक

सरकार की सिद्दीकी, विवेक सिसोदिया, लोकेश राठौर, संतोष गुप्ता रिधारी यादव संदीप यादव, सौरभ सिंह, दिवाकर राणा, अविनाश साहू, हरप्रसाद साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए केन्द्र सरका कार्यप्रणाली एवं एवं सरकारी एजेशियों के दुरुपयोग की निंदा की। इस अवसर पर सीमा शर्मा, प्रिंस शर्मा, पप्पू शर्मा, गोविंद कश्यप, राधे थवाईत, प्रवीण पांडे, अरमान खान, महारथी बघेल, उत्तम पाटले, भगवान दास गढ़वाल, खुलन सोनवानी, भविष्य चंद्राकर, मोड़द बाबा, जयदीप सिंह, हर्षवर्धन सिंह, संतोष सिंह, विजय खांडेल, राजेश जैन, मनोज केडिया, अंकित सिंह, राज सिंह, राजू जैन, कविता डहरिया, कन्हैया राठैर, सदन यादव, नवल सिंह, दिनेश मिरी, शशि डहरिया, पूर्णेन्द्र सिंह, अलख श्रीवास, जीतू वर्मा, अजीम खान, राजा कश्यप, अशोक अरोरा, लिंकन रात्रे, नवल सिंह ठाकुर, सुनील साधवानी, गुलशन सोनी, राजेश अग्रवाल, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन सम्मिलित हुए।

# न्याय न मिलने से टूटी 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला, मांगी इच्छा मृत्यु

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में प्रशासनिक लापरवाही और सिस्टम की संवेदनहीनता ने एक बुजुर्ग महिला को इस कदर तोड़ दिया कि उसने अब राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की अनुमति की मांग की है। मामला डभरा तहसील के ग्राम ठनगन का है और मामला पैतृक ज़मीन से जुड़ा है, ग्राम ठनगन स्थित कुल 18 रकबा यानी

लगभग 4.581 हेक्टेयर भूमि जो प्रमेन्द्र कुमार पिता धनचंद, देवश्री पिता धनचंद एवं स्वयं सजीला बाई पत्नी कार्तिकराम के नाम पर बी। एवं ऋऋण पुस्तिका में दर्ज है। जिसका तीन हिस्से में बटवारा करने तहसील कार्यालय डभरा में आवेदन लगाया तब उन्हे पता चलाकि उनके जमीन खसरा नंबर 980/1 में से 0.324 हेक्टेयर जमीन को बिना उनकी जानकारी और सहमति के, फर्जी हस्ताक्षर और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर बेचा गया। पीड़िता का आरोप है कि फर्जी फोटो लगाकर और जाली पहचान-पत्रों के आधार परयह खेल खेला गया, और रजिस्ट्री पूरी कर दी गई। जिसके बाद से पीड़िता पुलिस, तहसील और रजिस्ट्री कार्यालय से अपनी जमीन पाने गुहार लगाई लेकिन उन्हें न तो न्याय मिला और न ही प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही की।

प्रशासनिक मशीनरी पर उठे सवाल: क्या फर्जी रजिस्ट्री बिना अधिकारियों की मिलीभगत के संभव थी..? जब महिला के पास खतौनी, नक्शा और साक्ष्य हैं तो कार्रवाई क्यों रुकी है..? तहसील, पुलिस और राजस्व विभाग के अफसर चुप क्यों हैं..? आखिर क्यों एक 70 वर्षीय महिला को इच्छा मृत्यु तक की मांग करनी पड़ी..? आखिर इन सवाले के जवाबदार कौन है।

## अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसान व कार्यपालन अभियंता के नाम सौंपा

**जैजैपुर-हसौद।** जिले के ग्राम पंचायत धमनी का मामला सामने आया जहां बिजली विभाग की बिजली कटौती से परेशान होकर ग्राम धमनी के किसान और ग्रामीणों ने सब स्टेशन छपोरा और नरियरा सब स्टेशन के बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है साथ ही ग्रामीणों ने कार्यपालन अभियंता सक्ती के नाम सहा. अभियंता हसौद के द्वारा ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि नरियरा सब स्टेशन में बार-बार लाइट बंद होने की समस्या के कारण किसान और ग्रामवासियों को काफी परेशानी हो रही है। और हमारे दैनिक जीवन पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है साथ ही बिजली विभाग के द्वारा मानसून आने से पहले मेंटेनेंस नहीं करने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है कई जगह तो ऐसे हैं जहां एबी स्विच की जरूरत है, वहां डायरेक्ट कर लाइन दिया जा रहा हैं ग्रामीणों ने बताया है कि नरियरा सब स्टेशन की जंफर को बाईपास करके डायरेक्ट लाइन दिया जा रहा है जो पूर्णतः गलत है और ग्रामीणों का कहना है कि थोड़ा सा हवा चलने पर ही लाइन बंद हो जाती है और घंटो बाद आती है इन्हीं सब मुद्दों को लेकर ग्राम वासियों ने बिजली विभाग की उच्च अधिकारियों को आवेदन के माध्यम से अपना समस्या बताएं हैं। वही समस्याओं का निराकरण 10 दिवस में नहीं होती है, तो ग्रामवासी और किसान मिलकर छपोरा सब स्टेशन का घेराव करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी अब देखना या होगा कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं की मांग पूरा कर पाती है या आंदोलन का रास्ता देखेगी।

## डॉ.बोधीराम साहू शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित



**जांजगीर।** काशी साहित्य व कला समागम साहित्य पत्रिका सरोज द्वारा संस्था के 11 वे स्थापना दिवस पर वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा,साहित्य,समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य व प्रतिभा पर डॉ.बोधी राम साहू को पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षक गौरव सम्मान 2025 से सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह,चुनरी से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा,समाज सेवा की भावना,साहित्य सृजन, कला संस्कृति संवर्धन,शिक्षा प्रदेयो,महनीय शोध कार्य,सुदीर्घ हिंदी सेवा,राष्ट्र परिवार,साहित्य और समाज के प्रति समर्पण,प्रेरक व्यक्तित्व पर प्रदान किया गया है।ज्ञात हो कि ये इसके अलावा राज्य,राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 295 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है।इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन आस,डा.राघवेंद्र राठौर,बसंत चतुर्वेदी,प्रमोद आदित्य,सत्येंद्र सिंह,विजय प्रधान, जे. सी. साहू,दिलीप साहू, केशव साहू,रामरतन साहू सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# बाल देखरेख संस्था में निवासरत बालकों को मिला परिवार

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में संस्था में निवासरत विगत एक वर्ष में अब तक कुल 10 बालकों को पालन पोषण देखरेख परिवार से जोड़ा गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि 17 जुलाई 2025 जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था हेल्प एण्ड हेल्पस समिति बाल गृह बालक जांजगीर में निवासरत 02 बालकों को पालन-पोषण देखेरख परिवार को नियमानुसार संरक्षण हेतु अस्थायी आदेश पर सपुर्द किया गया। परिवार द्वारा किये गये आवेदन के समस्त दस्तावेजों का अवलोकन करने के पश्चात सभी दस्तावेज सही पाये जाने पर बालक व परिवार का मैचिंग प्रक्रिया कराया गया। जहां बच्चों द्वारा परिवार के साथ रहने की इच्छा जाहिर किया गया एवं परिवार भी बालक को अपने साथ पालन-पोषण देखरेख हेतु ले जाने की सहमति पर संस्था में संरक्षण प्राप्त 02 बालकों को पालन-पोषण पारिवार को संरक्षण हेतु आदेश पारित किया गया। कार्यवाही में अध्यक्ष श्री गणेश प्रसाद शर्मा, सदस्य श्री तपोधन सिंह सिसोदिया, श्री देव प्रसाद बर्मन, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती आरती यादव सहित जिला बाल संरक्षण इकाई के समस्त स्टॉफ विशेष सहयोग रहा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि पालन-पोषण देखरेख योजना शासन व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित की जा रही है।

# शिवालयों में भगवान का अभिषेक कर रामसुंदर दास ने की जनकल्याण की कामना

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को जांजगीर चांपा जिले में विराजित अनेक शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर निर्धारित समय में पहुंचकर भगवान शिव का दुग्धाभिषेक एवं जलाअभिषेक कर संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामनाएं की। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि- भगवान शिव शंकर समस्त जीवों के कल्याण कर्ता हैं,इसलिए उनका नाम शिव है। मनुष्य के इच्छाओं की पूर्ति भगवान भोलेनाथ की कृपा पर आधारित है।



श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि- इच्छित फल बिनु शिव अवराधे। लहिय न कोटि जोग जप साधे।अर्थात मनुष्य के द्वारा वांछित कार्यों की पूर्ति भगवान शिव की आराधना के बिना कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता! इसीलिए मनुष्य को वांछित फलों की प्राप्ति के लिए भगवान शिव की आराधना अवश्य ही करनी चाहिए। एक दिवसीय प्रवास के दौरान राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने सहयोगियों सहित शिवरीनारायण में चन्द्रेश्वर महादेव, चंद्रचूड़ महादेव, राम जानकी मंदिर के सामने स्थित शिवाजी, खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव, तुस्मा में जोतगीर बाबा, कीरीत में कीर्तिकेश्वर महादेव, पीथमपुर में कलेश्वर नाथ महादेव, तुर्रीधाम में शिव जी, जैजैपुर में गौरीकन्या महादेव, तथा ओड़ेकेरा में शिव मंदिर, देवपुर में सिद्धनाथ बाबा, बड़गड़ी में सिद्धेश्वरनाथ जी का दर्शन पूजन किया। इस कार्यक्रम में उनके साथ अलग-अलग स्थानों पर सुबोध शुक्ला, गोविंद यादव, कमलेश सिंह,सरदचंद शर्मा, प्रमोद सिंह, रामखिलावन तिवारी, जगदीश यादव, शिव कुमार साहू, जीवनलाल कुंभकार, भुवन दास वैष्णव, शत्रुघ्न दास वैष्णव, तरुण साहू श्रीमती साहू, दिनेश साहू, गजेंद्र दास वैष्णव, रूपेश वैष्णव, सुरेश साहू, श्रीमती सरिता साहू, बसंत पवार, दिलदार खान, संतोष साहू, तेरस राम साहू, सुरेश जयसवाल, भगत राम शर्मा, पुरेंद्र सोनी, भानु चंद्रा, आदित्य जी, रामराज पांडे, हेमंत साहू, सुकृता पटेल, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

# चारागाह में बिखेरी हरियाली

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत विकासखण्ड बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत लखाली में चारागाह क्षेत्र में 5 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण कर हरियाली की नई शुरुआत की गई। इस कार्य के अंतर्गत आम, नीम, जामुन, नींबू एवं अमरूद जैसे 556 पौधों का रोपण किया गया।

ग्राम पंचायत लखाली जिला मुख्यालय से लगभग 32 कि.मी. तथा विकासखण्ड मुख्यालय बम्हनीडीह से 6 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। मनरेगा के माध्यम से यह परियोजना वर्ष 2025-26 में स्वीकृत हुई है। परियोजना की कुल स्वीकृत राशि 3.127 लाख (मनरेगा मद से) है, जिससे पौधरोपण के साथ जल-संरक्षण एवं संचय से संबंधित गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। तीन वर्षों की इस परियोजना में वर्षवार मानव दिवस सृजन की प्रक्रिया प्रगति पर है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत, जनपद सदस्य सचिव, सरपंच, पंचगण, स्व सहायता समूह की दीदियों एवं स्थानीय ग्रामीणजनों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस सामूहिक प्रयास को महत्वपूर्ण कदम बताया। ग्रामीणों ने इस प्रयास को ग्राम के भविष्य के लिए लाभकारी बताया और इसे हरित भविष्य की नींव माना। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को समृद्ध करेगा, बल्कि स्थानीय रोज़गार को भी बढ़ावा देगा। आगामी वर्षों में इन पौधों की हरियाली चारागाह को जीवनदान देगी और मवेशियों के लिए भी यह वरदान साबित होगा।




CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email:

E-TENDER NOTICE NO.-3099/2025

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced Contractors/bidders for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

| S.N. | Tender Specification No. | RFx No.(E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last date & time of bid submission | E.M.D. | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16-06/ DSPM TPS/ S&P/ MP/ T-3180/2025 | 8100045110 | Annual work contract for "Assistance in office works at O/o Addl.C.E. (O&M),DSPM TPS, Korba East | 12 Months | 05.08.2025 up to 15:30 Hrs | Rs. 13,880/- | 590/- including GST |

NOTES: -For more details, please visit our website at: - https://www.cspc.co.in. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

S.E. (Contract)
DSPM TPS: CSPGCL:KORBA, EAST

"Electricity saved is electricity Generated"

S-44614/3



कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 16.07.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 19 अंतर्गत ढोढ़ीपारा के सामने रेल्वे लाईन के किनारे में भवन निर्माण कार्य (जि.ख.न्या. मद) (प्रथम निविदा) | 20.00 | 06.08.2025 (T.No.172202) |
| 2. | वार्ड क्र. 35 अंतर्गत खरमोरा के शांति नगर में राजू गुप्ता के घर से सीतामणी राठौर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (जि.ख.न्या. मद) (प्रथम निविदा) | 12.00 | 06.08.2025 (T.No.172208) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)


# संभागीय सम्मेलन मे जांजगीर चाम्पा जिले से शामिल होंगे भाजपा कार्यकर्ता: राजेश यादव

**जांजगीर।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा का संभागीय सम्मेलन की दृष्टि से संभागीय सह प्रभारी राजेश यादव का भाजपा कार्यलय आगमन हुआ. जिले की बैठक मे कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डा श्यामप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप ज्वलित कर भारत माता के जयकारे के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

सर्वप्रथम उपस्थित अतिथिगणो का कार्यकर्ताओ द्वारा माल्यार्पण से स्वागत सत्कार किया गया कार्यक्रम मे स्वागत भाषण देते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहन यादव ने कहा मै आप सभी कार्यकर्ताओ को आश्वस्त करता हु कि 31 जुलाई को बिलासपुर मे होने वाले संभागीय सम्मेलन मे हम पुरे तन मन के साथ अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्धारित लक्ष्य को पारकर सम्मेलन को सफल बनाए इसके लिए हमने कार्यक्रम की तैयारी शुरु कर दी है

जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने उपस्थित पिछड़ा वर्ग मोर्चा व भाजपा के सभी कार्यकर्ताओ को श्रावण मास के दुसरे सोमवार की बधाई देते हुए कहा कि बिलासपुर संभाग मे होने वाले पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संभागीय सम्मेलन मे अधिक से अधिक संख्या मे हमारे जिले से कार्यकर्ता पहुँचे.इसके लिए जिले के सभी मंडल स्तर तक बैठके आयोजित कर एवं कार्यक्रम की रुपरेखा बनाकर होने वाले सम्मेलन को सफल बनाए ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप मे एकदिवसीय प्रवास पर जांजगीर पहुंचे संभाग सहप्रभारी राजेश यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग मोर्चा का संभागीय सम्मेलन आगामी 31 जुलाई को बिलासपुर संभाग मे आयोजित होगा बैठक मे सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए राजेश यादव ने बताया कि इस सम्मेलन मे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर केज़ लक्ष्मण उप-मुख्यमंत्री अरुण साव समेत केंद्र व प्रदेश स्तर के अनेक दिग्गज भाजपा नेता सम्मेलन को सफल बनाने शामिल होंगे उन्होंने कहा कि जांजगीर चाम्पा जिले से 250



कार्यकर्ताओ की संख्या का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन पिछले दिनो हुई बिलासपुर बैठक मे हमारे जांजगीर चाम्पा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहन यादव ने कहा है कि हम अपने जिले से पार्टी द्वारा दिये गए लक्ष्य से भी अधिक संख्या को सम्मेलन मे लेकर जायेंगे श्री यादव ने कहा कि आज की बैठक मे भारी उपस्थिति व कार्यकर्ताओ के जोश खरोश को देखकर मुझे पूर्ण विश्वास हो गया है कि बिलासपुर मे होने वाले संभागीय सम्मेलन मे जांजगीर चाम्पा जिले से हमारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की संख्या सबसे अधिक होकर पुरे प्रदेश मे अव्वल रहेगी राजेश यादव ने बैठक मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रथमिकताओ की चर्चा करते हुए बताया की मोदी जी चार प्रमुख विषयो को लेकर गंभीर है पहला संकल्प से सिद्धी के तहत सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण दुसरा जातिगत जनगणना से पिछड़ा वर्ग को होने

वाले लाभ तीसरा एक देश एक चुनाव चौथा एक पेड़ मां के नाम इन सभी विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाने है इसके लिए पार्टी द्वारा प्रदेश संभाग प्रभारी सहप्रभारी नियुक्त किए गए है इन्ही मुद्दो को लेकर प्रदेश के सभी पांचो संभाग मे विशेष कार्यक्रमो की श्रृंखला आयोजित की जा रही है सम्मेलन की शुरुआत कांकेर संभाग मे 26 जुलाई से आरंभ होकर सभी संभाग मे होते हुए 31 जुलाई को बिलासपुर संभाग मे होकर समापन होगी सम्मेलन का उद्देश्य न केवल पिछड़ा वर्ग समाज को भाजपा की विचारधारा एवं योजना से जोड़ना है बल्कि उन्हें पार्टी की नीतियों से लाभान्वित करना भी है पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी होने वाले पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संभागीय सम्मेलन मे जिले से हमारी संख्या अधिक कैसे हो इसके लिए हमको तैयारी अभी से शुरु कर देनी चाहिए इस बैठक का जो हेतु है वो संभागीय सम्मेलन को सफल कैसे बनाया जाए उसके लिए हमारी एक महत्वपूर्ण बैठक आज हो रही है जिसमे हमारे देश प्रदेश के बड़े नेतागण उस सम्मेलन मे शामिल होंगे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार प्रमुख एजेंडे पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सपनो को पूरा करना ही हम सभी कार्यकर्ताओ का लक्ष्य होना चाहिए तभी हमारा देश विकसित देश बन सकता है उनहोने सम्मेलन को लेकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा को अच्छे से तैयारी करने को भी कहा उक्त बैठक मे सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहु नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल उषा विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया विवेका गोपाल संतोष अग्रवाल अभिमन्यु राठौर सविता तिवारी पंकज अग्रवाल हितेश यादव ध्वजाराम साहु लोकेश शुक्ला आशुतोष गोस्वामी अमित यादव रामवल्लभ सोनी प्रेम थवाईत दिनेश राठौर अनिल शर्मा पलाश चंदेल सुनील कश्यप रितेश अग्रवाल पुष्पेंद्र निर्मलकर गोलु दुबे संतोषी दुबे पूजा राठौर गौतम यादव राकेश रुपवानी प्रेम धीवर झामलाल कश्यप प्रदीप राठौर बजरंग यादव गजेंद्र कर्ष भागीरथी पटेल लेखराम कश्यप मनोज पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन मनीष सिंगसर्वा ने व आभार नरेंद्र साहू ने किया.


कार्यालय वनमंडलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल जशपुर

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में उपलब्ध निम्नांकित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार गम्हरिया से प्राप्त की जा सकती है।

डिपो का नाम - काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) नीलाम दिनांक - 31.07.2025 नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से

| | नीलाम में प्रसतावित अनुमानित मात्रा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रजाति | नया लाट | | पुराना लाट | | योग | | मिश्रित |
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+ डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+डेंगरी नग | जलाऊ चट्टा |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सागौन | 0.000 | 0 | 83.471 | 1422 | 83.471 | 1422 | पुराना |
| साल | 11.958 | 708 | 2319.997 | 7729 | 2331.955 | 8437 | 342 |
| बीजा, शीशम, खम्हार | 0.140 | 0 | 0.700 | 0 | 0.840 | 0 | नया |
| अन्य प्रजाति | 13.961 | 429 | 91.245 | 1430 | 105.206 | 1859 | 0 |
| चिरान काष्ठ | 0.000 | 0 | 3.430 | 0 | 3.430 | 0 | |
| योग | 26.059 | 1137 | 2498.843 | 10581 | 2524.902 | 11718 | 342 |

उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है।

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
जशपुर वनमण्डल, जशपुर

जी-252602318/7


## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिला स्तर के रिक्त 48 संवर्ग के 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 15 संवर्ग के 21 संविदा पद के लिए कौशल परीक्षा आयोजित किया गया था। उक्त संविदा पदों का शैक्षिणक योग्यता, अनुभव अंक एवं कौशल परीक्षा / साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर चयन समिति द्वारा चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाइट https://janjgir-champa.gov.in/ में भी अवलोकन किया जा सकता है ।

## अनमोल वचन......

आपका कार्य आपका कार्य जितना अच्छा होगा उतना पहले असंभव ही नजर आएगा....

## दोनों पायलटों की बातचीत उलझा मामला

*अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे का सच सामने आने की उम्मीद के सूत्र प्रारंभिक जांच रिपोर्ट से और उलझ गए हैं। इसके अनुसार उड़ान एआई-171 के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच उड़ान भरने के तुरंत बाद बंद हो गए थे जिसके कुछ सेकंड बाद लंदन जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान के दोनों पायलटों की बातचीत के संक्षिप्त से हिस्से ने मामले को उलझा दिया है। रिपोर्ट के अनुसारकॉकपिट वॉयस रिकार्डिंग में एक पायलट को दूसरे से पूछते सुना गया कि कि उसने ईंधन क्यों बंद किया तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि कौन सी आवाज किस पायलट की है। 10 क्रू सदस्यों और 241 यात्रियों सहित इस हादसे में 260 लोग मारे गए थे उन्हें न्याय मिलने का इंतजार अंतिम रिपोर्ट आने तक अधर में लटक गया है। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच (जिनका उपयोग इंजनों को बंद करने के लिए किया जाता है) उड़ान भरने के तुरंत बाद 'कटऑफ' स्थिति में चले गए थे। यह नहीं बताया गया कि यह कैसे हुआ या किसने किया। हालांकि पायलटों ने दोनों स्विच चालू कर दिए थे लेकिन विमान को ऊपर उठाने के लिए आवश्यक ऊर्जा जुटाने में सफल नहीं हो सके।*

*रिपोर्ट के अनुसार, जब विमान ने उड़ान भरी उस समय सह-पायलट विमान उड़ा रहा था और कप्तान निगरानी कर रहा था। रिपोर्ट के संकेत पायलटों को संदेह के दायरे में लाते हैं जबकि दोनों पायलट अत्यंत अनुभवी थे। विमानन विशेषज्ञों का भी कहना है कि ये स्विच ऐसी स्थिति में नहीं होते कि असावधानीवश छू जाने से सक्रिय हो जाएं। प्रारंभिक रिपोर्ट विमान के ऑपरेटरों को फिलहाल कार्रवाई से बख्श देती है। विमान के उड़ान भरने के लगभग तुरंत बाद की सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि 'रैम एयर टर्बाइन' (आरएटी) नामक 'बैकअप' ऊर्जा स्रोत सक्रिय हो गया था, जो इंजन में ऊर्जा की कमी का संकेत देता है। सवाल उठता है कि इस ओर वायु यातायात नियंत्रक का ध्यान क्यों नहीं गया वरना पायलट के आपातकालीन संकेत 'मे डे, मे डे,मे डे जारी करने से पहले ही सहायता मिल सकती थी। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल की बात यहां समझदारीपूर्ण लगती है कि प्रारंभिक रिपोर्ट और पायलटों की बातचीत से निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। विमान के रखरखाव में कमी, लापरवाही या साजिश का नतीजा था, यह जानने के लिए अंतिम जांच रिपोर्ट का इंतजार है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा , पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा रहेगा। नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, सामाजिक रिश्तों में समरसता बनी रहेगी। सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों को मान - सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, आज उनको अच्छा धन लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आज आप अपने कर्तव्यों का अच्छे से पालन करेंगे। आज आपकी रुचि आध्यात्म में ज्यादा रहेगी, जिससे आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज लाभ की स्थिति बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के माध्यम से शुभ सूचना मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन आनंद से परिपूर्ण रहेगा, आज आप साथ में अच्छा समय बिताएंगे। आज आपको ऑफिस के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क राशिः** आज दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सोने - चांदी का बिजनेस करने वालों को बड़ा धन लाभ होगा। आपके रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा, संतान पक्ष से सहयोग की प्राप्ति होगी। घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे आज आपके घर में चहल - पहल बनी रहेगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिये मिला - जुला रहेगा। आज आप में एक नई उर्जा का संचार होगा। आज आप अपने काम को खूब इंजॉय करेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन खुशी से भरा होगा, आज उनको जीवनसाथी से महंगा उपहार मिल सकता है। आज आपके माता - पिता की सेहत ठीक रहेगी।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में धन लाभ होगा, परिवार में खुशियां बनी रहेगी। नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे , बॉस आपकी तारीफ करेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते है, आपके रिश्ते में जो गलतफहमियां थी वो दूर होंगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लेकर आया है। आज आप किसी स्टार्टअप की शुरुआत कर सकते हैं, जो भविष्य में किसी बड़ी कम्पनी का रूप ले लेगा। आज आपको व्यापारिक लेन - देन में बड़ा फायदा होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज नौकरी करने वालों के लिए दिन थोड़ा हेक्टिक हो सकता है, क्योंकि नौकरी में स्थान परिवर्तन होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी जरूरी काम को पूरा करने में किसी दोस्त की सलाह ले सकते हैं। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा, भाई के साथ मिलकर किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं। इस राशि के छात्रों को विदेश जाने का मौका मिलेगा, जिससे वो अपनी पढाई को और बेहतर बना सकें।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज किसी कार्य में शारीरिक परिश्रम की अधिकता रहेगी, इसलिए आपको थकान का अहसास हो सकता है। पारिवारिक जीवन में सब कुशल - मंगल बनी रहेगी, सभी सदस्य आपस में मिल जुलकर रहेंगे। आज आप किसी सामाजिक समारोह का हिस्सा बन सकते हैं, आपकी उपस्तिथि वहां की रौनक बढ़ाएगी।

**मकर राशिः** आज आपको नए अवसर प्राप्त होंगें, जिनका लाभ उठाकर आप अपने जीवन को सही दिशा दे पायेंगे। कारोबारी गतिविधियां आपकी सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप कुछ बदलाव भी कर सकते है जिनका असर भविष्य में दिखेगा। आज आप इन्वेस्टमेंट के मामलों किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं, जो आपके लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको बिजनेस में पार्टनरशिप का ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आज किसी की सहायता से आपके सरकारी कार्य बनेंगे, जिससे आप आगे का काम कर पायेंगे। जरूरी निर्णय लेते समय घर के किसी बड़े सदस्य के साथ बात अवश्य कर लें।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। आज आप अपने घर या शॉप को दूसरी जगह शिफ्ट कर सकते हैं , इसमें आप किसी करीबी की मदद ले सकते हैं। जीवनसाथी के साथ ताल - मेल बना रहेगा , दाम्पत्य जीवन में खुशियां आयेंगी। आज आपको करियर में तरक्की करने के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगें।

# आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती है भारत की अंतरिक्ष यात्रा

//डॉ. जितेन्द्र सिंह//

**इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई—जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी। लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब माँगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए,मरम्मत पर ज़ोर दियाऔर ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ़ एक मिशन की रक्षा की बल्कि—एक सपने की भी हिफाजत की ।**

उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के ज़रिए कक्षा में पहुँचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह –न सिर्फ़ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भीभारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए।

यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटीप्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तबर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहाँ पोषण का प्रत्ये्क ग्राम मायने रखता है, वहाँ यह समझना कि माइक्रोग्रैविटीमें भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन–इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सरप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज़ में सहायक हो सकता है।

शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएँ अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। ये निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा।

अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि–ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं–तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटीके संपर्क में आना शामिल है।इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें। यहाँ तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है - जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है।

ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है–चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा ज़ोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहाँ भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है।

पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ़्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नज़र रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे।

शुक्ला अब लौट आए हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

यह सिर्फ़ एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट्र के उत्थान की बात है। यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटीअनुसंधान के लाभ भारत के कोने- कोने तक –दूरदराज के गाँवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुँचाना सुनिश्चित करने की बात है ।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुँचाना। एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है।

और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्हेंभ सिर्फ़ अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं। क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।

# हिन्दी करोड़ों भारतीयों के दिलों की आवाज

//मोनिका चौहान//

**हाल में कर्नाटक में बेंगलुरु मेट्रो के साइन बोडरे पर हिन्दी के इस्तेमाल को लेकर छिड़ा विवाद अब स्थानीय मुद्दा नहीं रह गया है। धीरे-धीरे पूरे दक्षिण भारत में फैल चुका है। सोशल मीडिया से लेकर टेलीविजन डिबेट्स तक में गूंज रहा है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के कार्यकर्ता भी सक्रिय हो गए हैं। हाल में उन्होंने मुंबई के मीरा रोड पर मोर्चा निकाला जहां वे हिन्दी में लिखे साइन बोर्ड हटाने की मांग कर रहे हैं।**

एमएनएस कार्यकर्ता जगह-जगह दुकानों और प्रतिष्ठानों पर जाकर मराठी में बोर्ड लगाने की अपील कर रहे हैं। हिन्दी में लिखे साइन बोडरे को हटाने की चेतावनी दे रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि मुंबई में रहने वालों को मराठी आनी ही चाहिए। इसे 'हिन्दी थोपने' के खिलाफ सांस्कृतिक लड़ाई के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर हिंदी थोपना बंद करो जैसे हैशटैग ट्रेंड कर रहे हैं, और राजनीतिक दल इसे भाषाई अस्मिता का मुद्दा बना कर भुना रहे हैं। इस विवाद ने दक्षिण बनाम हिन्दी की बहस को हवा दे दी है। कन्नड़ संगठनों और कुछ क्षेत्रीय नेताओं ने इसे 'हिन्दी थोपने' का प्रयास बताया हैं, वहीं सोशल मीडिया पर भी हिन्दी के खिलाफ तीखे स्वर उठे हैं।

यह कोई पहली बार नहीं हुआ। समय-समय पर दक्षिण भारत से हिन्दी विरोध के स्वर उठते रहे हैं, जो अक्सर क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए वोट बैंक की राजनीति का साधन बन जाते हैं। ताजा विवाद याद दिलाता है, जब कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप ने 2022 में कहा था कि हिन्दी अब राष्ट्र भाषा नहीं रही। इस बयान पर बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। कहा था कि हिन्दी राष्ट्र भाषा थी, है, और रहेगी। देखते ही देखते यह सांस्कृतिक बहस से खिसक कर राजनीतिक मुद्दा बन गया था। कर्नाटक के कई नेताओं ने तब भी हिन्दी पर सवाल उठाए थे। वही सिलसिला अब मेट्रो के साइन बोडरे को लेकर फिर सिर उठा रहा है।

सवाल यह है कि आखिर, हिन्दी पर बार-बार का हमला क्यों। हिन्दी कोई थोपी गई भाषा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के दौर में लाखों भारतीयों के सपनों की आवाज थी। गांधी, नेहरू, पटेल जैसे नेताओं ने हिन्दी को राष्ट्रीय एकता का माध्यम माना। आज भी हिन्दी उत्तर भारत की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की संपर्क भाषा है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में हिन्दी बोलने वालों की संख्या 53 करोड़ से अधिक है। पिछले 50 सालों में हिन्दी बोलने वालों की आबादी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। हिन्दी न केवल उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान जैसे राज्यों की प्रमुख भाषा है, बल्कि महानगरों में भी प्रवासी भारतीयों के कारण लगातार फैल रही है। दक्षिण भारतीय भाषाओं की बात करें तो तेलुगू को 6.7 प्रतिशत, तमिल को 5.7 प्रतिशत और कन्नड़ को मात्र 3.6 प्रतिशत लोग मातृ भाषा मानते हैं। फिर भी हिन्दी पर निशाना साधना राजनीतिक दलों के लिए सुविधाजनक मुद्दा बना हुआ है। हिन्दी का विरोध करने वाले अक्सर तर्क देते हैं कि हिन्दी का प्रभुत्व क्षेत्रीय भाषाओं को कमजोर कर देगा। पर क्या सचमुच ऐसा है। तथ्य तो यह कहते हैं कि हिन्दी और अन्य भाषाओं में सहअस्तित्व है। उदाहरण के लिए, दक्षिण भारत की ही फिल्म इंडस्ट्री को लें। कन्नड़ फिल्म केजीएफ-2ने हिन्दी डबिंग के दम पर लगभग 900 करोड़ रुपये की कमाई की। दक्षिण की फिल्मों को पैन-इंडिया हिट बनाने में हिन्दी का योगदान छुपा नहीं है।

यह भी सच है कि भारत की भाषाई विविधता उसकी ताकत है। तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी, बंगाली जैसी भाषाएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन्हें बचाना और सहेजना जरूरी है। लेकिन इनकी अस्मिता को हिन्दी के विरोध के बहाने राजनीतिक मंच पर भुनाना खतरनाक प्रवृत्ति है। तमिलनाडु का इतिहास इस राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। 1937 में हिन्दी को स्कूलों में अनिवार्य बनाने के प्रयास के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन 1965 तक आते-आते हिंसक हो गया था। राजाजी (सी. राजगोपालाचारी) जैसे नेता इसे उत्तर भारतीय प्रभुत्व के प्रतीक के रूप में पेश किया करते थे। आज वही रणनीति कर्नाटक में भी दोहराई जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में न्यायपालिका में हिन्दी के उपयोग की वकालत कर हिन्दी प्रेमियों में उम्मीदें जगाई हैं पर सरकार को भी समझना होगा कि किसी भी भाषा को थोपना एकता को नहीं, बल्कि विभाजन को जन्म देता है। हिन्दी के प्रसार का मार्ग स्वाभाविक स्वीकार्यता से ही निकलेगा, न कि आदेशों या कानूनों से। दक्षिण भारत के कई नेता हिन्दी को 'आक्रमणकारी' भाषा की तरह पेश करते हैं। लेकिन सच यह है कि हिन्दी करोड़ों भारतीयों के दिलों की आवाज है। न केवल हमारी संस्कृति, बल्कि हमारी पहचान का भी हिस्सा है। हिन्दी पर वार दरअसल, भारत की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता पर चोट है। यह समय है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दल इस तथ्य को समझें।

# वैश्विक राजनीति का परिदृश्य बदल कर रख सकता है भारत-चीन-रूस का त्रिपक्षीय मंच RIC

हम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है। चीन ने रूस द्वारा की गई रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय सहयोग को पुनर्जीवित करने की पहल का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि यह कोई नया मंच नहीं है, बल्कि 1990 के दशक के उत्तरार्ध से ही यह इन तीन देशों के बीच संवाद का माध्यम रहा है। हालाँकि, बीते वर्षों में चीन-भारत सीमा विवाद और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते यह मंच निष्क्रिय-सा हो गया था। अब चीन का समर्थन इस ओर इशारा करता है कि विश्व राजनीति में एक नई धुरी बनने की संभावना फिर से उभर रही है। हम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है। दूसरी ओर चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एशिया का आर्थिक इंजन है। यदि ये तीनों देश मिलकर साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ते हैं, तो यह पश्चिम के नेतृत्व वाली मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

अगर यह तीनों देश साथ आते हैं तो अमेरिकी वर्चस्व को सीधे-सीधे चुनौती मिलेगी। देखा जाये तो अब तक वैश्विक व्यवस्था अमेरिका और उसके सहयोगियों के प्रभुत्व में रही है। यदि रूस-भारत-चीन साथ आते हैं, तो वे एक मल्टी-पोलर वर्ल्ड यानी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूती देंगे, जिसमें अमेरिका का वर्चस्व कम होगा। इसके अलावा, ये तीनों देश संयुक्त राष्ट्र, BRICS, SCO जैसी संस्थाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि वे एक सुर में बोलें तो वैश्विक एजेंडा (जलवायु, विकास, आतंकवाद) पश्चिम के हितों के बजाय इन देशों के पक्ष में ढल सकता है। साथ ही यूरोप में रूस-यूक्रेन युद्ध, एशिया में अमेरिका-चीन टकराव और भारत-चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों के बीच यदि ये तीनों मिलकर काम करते हैं, तो वैश्विक ध्रुवीकरण और तेज हो सकता है। तीनों देशों के साथ आने से खुद भारत, रूस और चीन को क्या लाभ होगा, यदि इसका जिक्र करें तो आपको बता दें कि रूस-चीन के साथ अच्छे रिश्तों से भारत सामरिक संतुलन बना सकता है। साथ ही भारत ऊर्जा, रक्षा, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रूस और चीन से नए अवसर पा सकता है। इसके अलावा, इस त्रिकोण से भारत को चीन के साथ स्थायी संवाद करने से सीमा विवाद में तनाव कम करने का मंच मिलेगा।

वहीं रूस को होने वाले लाभों को देखें तो पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच उसे एशिया में नए साझेदारों के साथ आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य विकल्प मिलेंगे। साथ ही चीन-भारत दोनों को साथ रखकर रूस अपनी रणनीतिक भूमिका को पुनः मज़बूत कर सकता है।इस गठजोड़ से चीन को होने वाले लाभ को देखें तो इससे अमेरिका के खिलाफ नया संतुलन बनेगा। साथ ही भारत के साथ टकराव को कम करके चीन अपने आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित कर सकेगा और रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्र में उसके गहरे संबंध बनेंगे।तीनों देशों के गठजोड़ में संभावित बाधाओं और चुनौतियों को देखें तो भारत-चीन सीमा विवाद और विश्वास की कमी सबसे बड़ी बाधा है।

## तस्वीरों की दुनिया



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में वर्ष 2018-2021 के लिए स्काउट्स/गाइड्स/रोवर्स /रेंजर्स पुरस्कार समारोह में।



उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी पर पवित्र श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा के समापन की पूर्व संध्या पर गंगा नदी का जल लेने के लिए कांवड़िये एकत्रित होते हुए।



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना में राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी विधायकों के विरोध प्रदर्शन के बीच एक वैकल्पिक द्वार से प्रवेश करते हुए।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली के शास्त्री पार्क में कांवड़िया शिविर का दौरा करती हुई।



जम्मू में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के दौरान भगवती नगर आधार शिविर के पास सुरक्षाकर्मी निगरानी कर रहे हैं।



नई दिल्ली में बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से गुजरते यात्री।



कांग्रेस सदस्य नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और पार्टी नेता केसी वेणुगोपाल भी मौजूद हैं।

# एक लाख कांवरिया निकले बाबाधाम... बोल बम के जयघोष से गूंजा अजगैवीनाथ धाम



भागलपुर, 23 जुलाई [एजेंसी]।

सावन के कृष्ण पक्ष द्वादशी पर मंगलवार को भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए एक लाख से अधिक कांवरिया अजगैवीनाथ धाम से देवघर रवाना हुए। कड़ी धूप और व्यवस्था संबंधी कमियों के बावजूद शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। कांवरियों की सुरक्षा के लिए दो हजार सुरक्षा कर्मियों, एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीमें तैनात की गई हैं।श्रावण मास में जलाभिषेक का विशेष महत्व है। कांवरिये पवित्र उत्तर वाहिनी गंगा से जल लेकर बैद्यनाथधाम की यात्रा पर निकलते हैं। उनका मानना है कि इस यात्रा से जीवन में आ रहे दुख और दरिद्रता दूर हो जाते हैं। सोमवार की देर शाम से विभिन्न प्रांतों के कांवरियों का आगमन शुरू हुआ। मध्य रात्रि के बाद कांवरियों ने अजगैवीनाथ मंदिर एवं नमामि गंगे घाट पर गंगा में स्नान किया और जल भरकर स्थानीय पंडा पुरोहितों से जल का संकल्प कराया।गंगा घाट और कांवरिया पथ की ओर जाने वाला पूरा रास्ता बोल बम, हर-हर महादेव और जय महाकाल के उद्घोष से गूंज रहा है। बाढ़ प्रमंडल की ओर से स्नान करने वाले कांवरियों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी से स्थिति की निगरानी की जा रही है। गंगा घाट पर किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए पर्याप्त संख्या में एसडीआरएफ टीम और पुलिस बल तैनात किया गया है। खगड़िया में गंगा और बूढ़ी गंडक का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बाढ़ प्रवण क्षेत्रों में पानी प्रवेश करने लगा है। यद्यपि, मंगलवार शाम तक घरों में पानी नहीं पहुंचा था, लेकिन बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर फसलें डूब गई हैं और पशुचारा की कमी हो गई है। इस स्थिति में पशुपालक दियारा स्थित बासा से पलायन करने लगे हैं। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-एक, खगड़िया द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, गंगा और बूढ़ी गंडक का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। खगड़िया के खारा धार जलद्वार के पास गंगा का जलस्तर मंगलवार सुबह 34.50 मीटर दर्ज किया गया, जबकि सोमवार शाम को यह 34.45 मीटर था। 12 घंटे में गंगा के जलस्तर में पांच सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है, जो प्रतिघंटे लगभग आधे सेंटीमीटर की दर से बढ़ रही है।

हालांकि, वृद्धि की रफ्तार में कमी आई है, क्योंकि सोमवार की शाम से पहले यह एक सेंटीमीटर प्रतिघंटे की थी। गंगा खतरे के निशान से 33 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।दूसरी ओर, खगड़िया एनएच-31 ब्रिज (अघोरी स्थान) के पास बूढ़ी गंडक का जलस्तर मंगलवार सुबह 36.82 मीटर दर्ज किया गया, जो सोमवार शाम को 36.79 मीटर था। 12 घंटे में जलस्तर में तीन सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। बूढ़ी गंडक खतरे के निशान से 22 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण बांध-तटबंधों में रेनकट्स हो गए हैं, जिनकी मरम्मत की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-एक खगड़िया ने बताया है कि सभी बांध-तटबंध और आधारभूत संरचनाएं सुरक्षित हैं।

## अब अमेरिकी राजनयिक ने दोहराया... ट्रंप प्रशासन ने भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराया




संयुक्त राष्ट्र 23 जुलाई [एजेंसी]।

अमेरिका के शीर्ष राजनयिक डोरोथी शिया ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान कहा कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करते हुए तनाव कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका विश्वभर में विवादों की मध्यस्थता और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया यानी मध्यस्थता की। हालांकि भारत अब तक इस दावे को सिरे से खारिज करता रहा है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक में शिया ने कहा कि पिछले तीन महीनों में अमेरिकी नेतृत्व ने इजरायल और ईरान, लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो और रवांडा, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने में योगदान दिया है।उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अपील की कि वे भी अपने विवादों का समाधान करने के लिए प्रयास करें। विदित रहे कि पाकिस्तान वर्तमान में सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है और जुलाई माह के परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।बैठक में डार ने जम्मू-कश्मीर और भारत द्वारा सिंधु जल संधि निलंबित करने का राग अलावा। इस पर शिया ने कहा कि विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रक्रियाओं का क्रियान्वयन आवश्यक है।इस बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए तंत्र को मजबूत करने के पाकिस्तान द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाया। इस दौरान कहा गया कि यह प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद भी जगदीप धनखड़ को सरकारी बंगले का अधिकार, अब यहां मिलेगा आवास

**नई दिल्ली।** एक रोज पूर्व उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ को सरकारी बंगले का अधिकार है। उन्हें लुटियंस दिल्ली या किसी अन्य क्षेत्र में एक टाइप-8 वाला बंगला प्रदान किया जाएगा। इस तरह का बंगला आमतौर पर वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों या राष्ट्रीय पार्टियों के अध्यक्षों को आवंटित किया जाता है।केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। धनखड़ पिछले साल अप्रैल में संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड पर बने नए उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में स्थानांतरित हुए थे। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति का निवास और कार्यालय शामिल है, जिसे केंद्रीय विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत बनाया गया था। यहां लगभग 15 महीने रहने के बाद अब धनखड़ को यह आवास छोड़ना होगा। उपराष्ट्रपति पद से भले ही जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने की बात कही है लेकिन मंगलवार को जब उनके इस्तीफे की खबर के साथ राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सदन के भीतर मौजूद सदस्यों के चेहरे पर मायूसी के साथ कई सवाल भी तैरते दिखे।जो सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले और स्थगित होने के बाद एक-दूसरे की सीटों के पास जाकर चर्चा के रूप में दिखाई दिए। इस दौरान उनके इस्तीफे को स्वीकार करने और न करने को लेकर अटकलें भी लगाई गईं लेकिन सदन की कार्यवाही शुरू होने के घंटे भर में तत्काल प्रभाव से उनके इस्तीफे को स्वीकार किए जाने की जानकारी ने और चौंका दिया। धनखड़ के इस्तीफे के पीछे के कारणों को बूझने में विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के सदस्य भी व्यस्त दिखे।

## शांति वार्ता के लिए पुतिन से मिलना चाहते हैं जेलेंस्की रूस ने कहा- किसी चमत्कार की उम्मीद न करें



मॉस्को, 23 जुलाई [एजेंसी]।

रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि रूस-यूक्रेन के बीच प्रस्तावित तीसरे दौर की सीधी शांति वार्ता से किसी चमत्कार की उम्मीद करने का कोई आधार नहीं है। क्रेमलिन ने इसके साथ ही युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित समझौते के लिए कोई समय सीमा बताने से इनकार कर दिया।इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वालोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने और युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को लेकर फिर प्रस्ताव दिया है।क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों से कहा, चमत्कारों की श्रेणी में किसी भी प्रगति की उम्मीद करने का कोई कारण नहीं है। मौजूदा स्थिति में यह संभव नहीं है। हम अपने हितों को सुनिश्चित करने और उन कार्यों को पूरा करने का इरादा रखते हैं, जो हमने अपने लिए शुरू से निर्धारित किए हैं। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वालोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा था कि कीव ने इस सप्ताह तुर्किये में एक और दौर की शांति वार्ता के लिए मॉस्को को प्रस्ताव भेजा है। वह संघर्ष विराम के लिए वार्ता को तेज करना चाहते हैं। इधर, रूसी बलों ने यूक्रेन के चार शहरों पर सोमवार की रात बमबारी की, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई और 41 लोग घायल हो गए। रूसी बलों ने इस हमले को ड्रोन और ग्लाइड बमों से अंजाम दिया।

## नीतीश कुमार नहीं, ये बन सकते हैं अगले उपराष्ट्रपति, मोदी सरकार की भी पहली पसंद



**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के स्वीकार किये जाने के बाद नए उपराष्ट्रपति को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। भाजपा नेताओं के बीच चर्चा में कई नाम सामने आ रहे हैं। लेकिन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान इसके लिए पहली पसंद के रूप में सामने आ रहे हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ब्रिटेन और मालदीव के दौरे लौटने के बाद नए उपराष्ट्रपति के चयन लेकर फैसला हो सकता है। राजनीतिक गलियारों में नए उपराष्ट्रपति के लिए जिन नामों पर चर्चा हो रही है, उनमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का नाम भी है। पिछली बार जब जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति बने थे, उस समय भी राजनाथ सिंह का नाम चर्चा में था। लेकिन दो-दो बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके और पिछले 11 सालों से मोदी सरकार में पहले गृह और अब रक्षा मंत्री का काम संभाल रहे राजनाथ सिंह ने उस समय ही इसके लिए अनिच्छा जता दी थी। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नाम पर कुछ हलकों में चर्चा हो रही है। इसके लिए उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने का हवाला दिया जा रहा है। लेकिन कुछ वरिष्ठ नेता राज्यसभा में नेता सदन के साथ ही स्वास्थ्य और रसायन व उर्वरक जैसे दो-दो मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे जेपी नड्डा को सरकार से मुक्त कर उपराष्ट्रपति बनाये जाने की संभावना से साफ इनकार कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार से नीतीश कुमार को उपराष्ट्रपति बनाने की मांग भी सामने आ रही है, लेकिन इसकी संभावना नगण्य मानी जा रही है।

वहीं आरिफ मोहम्मद खान के लंबे राजनीतिक अनुभव और भाजपा व संघ परिवार के साथ वैचारिक समानता को उपराष्ट्रपति पद के लिए सबसे अनुकूल माना जा रहा है।लंबे समय से सक्रिय राजनीतिक जीवन से अलग रहने के बाद मोदी सरकार ने उन्हें केरल का राज्यपाल बनाया था और फिर बिहार का राज्यपाल बनाया। शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद से कानून बनाने के खिलाफ राजीव गांधी मंत्रीमंडल से इस्तीफे के साथ मुस्लिम कट्टरपंथ और तुष्टीकरण के खिलाफ वे अपने रूख पर लगातार कायम रहे।

## कागज में बना दिए 77 प्रधानमंत्री आवास, हड़प ली राशि लाभार्थियों को विश्वास में लेकर की गई धांधली

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। रामपुर बाघेलान तहसील की ग्राम पंचायत अकौना में पंचायत सचिव विजय सिंह व रोजगार सहायक आरती सिंह की मिलीभगत से कागज में 77 पीएम आवास बनाकर करीब डेढ़ करोड़ रुपये हड़पे जाने की शिकायत पर जांच शुरू हुई है। जांच में कई लाभार्थियों के पीएम आवास की जगह झोपड़ियां पाई गई हैं। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजना जैन का कहना है कि मौके पर टीम को भेजा गया है।रिपोर्ट प्राप्त होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार चार जून को एक ग्रामीण ने फर्जीवाड़े की शिकायत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से की थी। मजे की बात यह है कि कथित लाभार्थियों को विश्वास में लेकर धांधली की गई। उनमें से कई ग्रामीणों को जब कमीशन नहीं मिला तो मामला सार्वजनिक हो गया। कुछ कथित लाभार्थियों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया कि उन्हें आवास के नाम पर कमीशन देने की बात पंचायत सचिव व रोजगार सहायक ने कही थी। लालच में आकर उन्होंने दूसरों के पीएम आवास के सामने खड़ा होकर अपने फोटो भी खिंचवा लिए। यही नहीं, लाभार्थियों में ऐसे लोग भी शामिल बताए गए हैं, जो अपात्र हैं। उनके नाम पक्का मकान और ट्रैक्टर भी हैं। योजना में प्रति लाभार्थी 1.20 लाख रुपये और मजदूरी के रूप में 17 हजार रुपये शासकीय कोष से निकाले जाने की बात सामने आई है। सतना के नागौद में वर्ष 2022 में 55 आवासविहीन गरीबों के नाम पर फर्जीवाड़ा सामने आया था।

## आईपीएस पत्नी ने अपने पति को झूठे मामले में भेजा था जेल सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया सार्वजनिक माफी मांगने का आदेश



नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।

एक वैवाहिक विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए महिला आईपीएस अधिकारी से अपने पूर्व पति और ससुर से बिना शर्त माफी का आदेश दिया है। महिला आईपीएस अधिकारी ने अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से वैवाहिक विवाद के दौरान उनको झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा दिया था। इस दौरान उनको शारीरिक और मानसिक पीड़ा सहन करनी पड़ी। यह आदेश देते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने सभी चल रहे मामलों को भी रद कर दिया। वहीं, कोर्ट ने कहा कि बेटी अपनी मां के साथ ही रहेगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की खंडपीठ ने इस विवाह को भी भंग कर दिया क्योंकि दंपति 2018 से अलग रह रहे थे। अदालत ने आदेश दिया कि उनकी बेटी अपनी मां के साथ रहेगी और पति और परिवार के सदस्य उससे मिल सकेंगे।

अपने फैसले में, अदालत ने कहा कि पत्नी द्वारा दायर आपराधिक मामलों के कारण पति को 109 दिन और उसके पिता को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। अदालत ने अधिकारी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का आदेश देते हुए कहा कि उन्होंने जो कुछ सहा है उसकी भरपाई किसी भी तरह से नहीं की जा सकती। न्यायाधीशों ने कहा कि महिला और उसके माता-पिता अपने पति और उसके परिवार के सदस्यों से बिना शर्त माफी मांगेंगे, जिसे एक प्रसिद्ध अंग्रेजी और एक हिंदी अखबार के राष्ट्रीय संस्करण में प्रकाशित किया जाएगा।न्यायाधीशों ने कहा कि यह माफीनामा आदेश के तीन दिनों के भीतर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और इसी तरह के अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रकाशित और प्रसारित किया जाएगा। इसे दायित्व स्वीकारोक्ति नहीं माना जाएगा और इसका कानून के तहत उत्पन्न होने वाले कानूनी अधिकारों, दायित्वों या परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## ढाका विमान दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आया भारत, बांग्लादेश भेजी जा रही भारतीय डॉक्टरों की टीम

**नई दिल्ली।** ढाका के एक स्कूल में में हुए विमान हादसे में घायल लोगों की मदद के लिए भारत आगे आया है। भारत, ढाका में इलाज करा रहे पीड़ितों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों और जरूरी उपकरण भेज रहा है।विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में बताया है कि विमान दुर्घटना में पीड़ितों के इलाज के लिए भारत से जल्द ही एक बर्न स्पेशलिस्ट मेडिकल टीम ढाका के लिए रवाना होगी।बताया जा रहा है कि भेजी जा रही टीम में दिल्ली के दो डॉक्टर एक राम मनोहर लोहिया अस्पताल से और दूसरा सफदरजंग अस्पताल से शामिल हैं। ये डॉक्टर बर्न यूनिट में काम करने के विशेषज्ञ हैं।उन्होंने यह भी बताया कि जरूरी मेडिकल उपकरण भी भेजे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विमान दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया था और सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया था।

## लिफ्ट में पेशाब करते हुए पकड़ा गया डिलीवरी एजेंट, मचा बवाल

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने वाली कंपनी के डिलीवरी एजेंट को एक इमारत की लिफ्ट में पेशाब करते हुए पकड़े जाने के बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना सोमवार को विरार के बोलींज इलाके में स्थित एक आवासीय इमारत में हुई। कंपनी एजेंट की हरकत लिफ्ट के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।इस घटना का एक वीडियो कुछ स्थानीय लोगों द्वारा इंटरनेट मीडिया पर साझा किया गया जो तेजी से प्रसारित हो गया। सोमवार सुबह कुछ स्थानीय लोगों ने लिफ्ट से बदबू आने की शिकायत की थी। जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो देखा कि खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी का ड्रेस पहने एक व्यक्ति ने पहले इधर-उधर देखा और फिर लिफ्ट के एक कोने में पेशाब कर दिया। कुछ देर बाद जब वह दोबारा वहां आया तो कई गुस्साए निवासियों ने उसे पकड़ लिया।

## एयरलाइनों का हवा हवाई प्रचार पर किया जाता है अधिक खर्च, यात्रियों की सुरक्षा नजरअंदाज



मुंबई, 23 जुलाई [एजेंसी]।

हाल के विमान हादसों और कुव्यवस्थाओं के बीच भारतीय विमान यात्रियों के बीच आम राय यही बनी है कि भारतीय एयरलाइंस हवा-हवाई प्रचार अधिक करती हैं और यात्रियों की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जाता है। एक पैन-इंडिया ऑनलाइन सर्वेक्षण में लगभग 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने यह राय व्यक्त की कि भारत की कई एयरलाइंस यात्रियों की सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं। इस सर्वेक्षण में 322 जिलों से नागरिकों के 44 हजार उत्तर प्राप्त हुए।हाल के समय में मध्य-हवा और जमीन पर हुई कई घटनाओं के बीच इस सर्वे के नतीजे महत्वपूर्ण हैं। लोकलसर्किल्स के कराए इस आनलाइन सर्वेक्षण में पाया गया कि इनमें से 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक कठिन उड़ान का अनुभव किया, जिसमें कठिन टेकआफ, लैंडिंग या उड़ान के दौरान की स्थिति शामिल थी।

सर्वेक्षण में पहले हवाई यात्रियों से पूछा गया, क्या आप मानते हैं कि भारत की एयरलाइंस सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं। इस प्रश्न के उत्तर देने वाले 26,696 में से 43 प्रतिशत ने कहा, हां, सभी, 33 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा हां, कुछ; 11 प्रतिशत ने कहा नहीं, कोई भी प्रचार पर अधिक ध्यान देता है और सुरक्षा पर कम; और 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। संक्षेप में 76 प्रतिशत भारतीय एयरलाइन यात्रियों का मानना है कि कई एयरलाइंस सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं। इस सर्वेक्षण में कुल उत्तरदाताओं में से 63 प्रतिशत पुरुष थे जबकि 37 प्रतिशत महिलाएं थीं। 46 प्रतिशत उत्तरदाता टियर एक से, 25 प्रतिशत टियर दो से और शेष 29 प्रतिशत टियर 3, 4, 5 और ग्रामीण जिलों से थे।

सर्वेक्षण ने उड़ान भरने वालों से यह भी पूछा, पिछले तीन वर्षों में आप भारत की एयरलाइंस पर अपनी उड़ानों (टेकआफ, उड़ान के दौरान या लैंडिंग) में से कितनी प्रतिशत को कठिन या आघातकारी मानेंगे। लोकलसर्किल्स के अनुसार, इस प्रश्न के उत्तर देने वाले 17,630 में से 75 प्रतिशत ने कहा कि 50 प्रतिशत से अधिक उड़ानें कठिन थीं, 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 40-50 प्रतिशत उड़ानों का उल्लेख किया, जबकि 6 प्रतिशत ने 30-40 प्रतिशत उड़ानों का उल्लेख किया और 9 प्रतिशत ने 10-20 प्रतिशत उड़ानों का उल्लेख किया। संक्षेप में 64 प्रतिशत एयरलाइन यात्रियों ने भारत में कहा कि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक या अधिक कठिन उड़ानें अनुभव की हैं, जिसमें कठिन टेकआफ, लैंडिंग या उड़ान का अनुभव शामिल है।

## छत्तीसगढ़ का युवक मलेशिया में लापता, चार दिन से मोबाइल बंद

### परिजनों ने भारतीय दूतावास से लगाई गुहार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर का एक युवक मलेशिया में लापता हो गया है। चार दिन पहले आखिरी बार उसने अपने माता-पिता से मोबाइल फोन पर बात की थी।सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया कि स्वजनों की शिकायत पर मलेशिया स्थित भारतीय दूतावास को इसकी जानकारी दी गई है। जूना बिलासपुर निवासी दीपक तंबोली ने 31 मई को मलेशिया के लिए उड़ान भरी थी। वह एक जून को कुआलालंपुर पहुंचा और वहां से अपने घरवालों को सुरक्षित पहुंचने की सूचना दी थी। तब से वह लगातार माता-पिता से मोबाइल पर संपर्क में था।पिता राजेश तंबोली ने सिटी कोतवाली पुलिस को बताया कि 18 जुलाई की शाम बेटे से उनकी आखिरी बार बात हुई थी। इसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा है।स्वजन के अनुसार, दीपक मलेशिया जाब सर्च के मकसद से गया था। उसका वीजा 30 दिन के लिए जारी किया गया था, जो समाप्त हो चुका है। उसने बीएससी कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की है। कोविड के बाद से वह बेरोजगार था और बीते पांच सालों से रोजगार की तलाश में था।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को दी मंजूरी, पीएम मोदी की लंदन यात्रा के दौरान होंगे हस्ताक्षर




नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।

पीएम मोदी की लंदन यात्रा से पहले बड़ी खबर सामने आ रही है। कैबिनेट ने मंगलवार को भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को मंजूरी दे दी है, सूत्रों के मुताबिक, इस समझौते पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे।प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा बुधवार से शुरू हो रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल प्रधानमंत्री के साथ होंगे। दोनों देशों ने 6 मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की।भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता कहा जाता है। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है।साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता बनाने का भी प्रस्ताव है। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते में वस्तुओं, सेवाओं, नवोन्मेष, सरकारी खरीद और बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे मुद्दों पर अध्याय हैं।समझौते की विषय वस्तु पर आमतौर पर दोनों देशों के वाणिज्य मंत्री हस्ताक्षर करते हैं। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे प्रभावी होने से पहले ब्रिटिश संसद की मंजूरी की जरूरत होगी। दोनों देशों ने दोहरे अंशदान सम्मेलन समझौते यानी सामाजिक सुरक्षा समझौते पर बातचीत भी पूरी कर ली है।इससे ब्रिटेन में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों के सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरे अंशदान से बचने में मदद मिलेगी। हालांकि, द्विपक्षीय निवेश संधि पर बातचीत अब भी जारी है। दोनों देशों के हस्ताक्षर और मंजूरी के बाद यह प्रभाव में आएगा।2024-25 में ब्रिटेन को भारत का निर्यात 12.6 प्रतिशत बढ़कर 14.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि आयात 2.3 प्रतिशत बढ़कर 8.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 20.36 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 21.34 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# मनीलांड्रिंग मामले में पूर्व सीएम के पुत्र पर ईडी का शिकंजा, कांग्रेस का चक्काजाम

## एनएच 43 पर प्रदर्शन किया कार्यकर्ताओं ने, सरकार पर गलत तरीके से कार्यवाही का आरोप



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशव्यापी आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग ह॥-43 कुमार चौक के पास चक्का जाम आंदोलन किया गया। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता की उपस्थिति में राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय के समक्ष आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई गई।

आमसभा में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) का उपयोग विपक्षी दलों को डराने और दबाने के लिए किया जा रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी केंद्र सरकार को इस दुरुपयोग पर फटकार लगाई, जो इस बात का प्रमाण है कि भाजपा शासन में जांच एजेंसियों को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि देश के प्राकृतिक संसाधनों—जल, जंगल और जमीन—को कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। आम जनता पर लगातार महंगाई और बिजली दरों में वृद्धि का बोझ डाला जा रहा है। ऐसे माहौल में कांग्रेस पार्टी आम जनता की आवाज को बुलंद कर रही है और हर जनविरोधी फैसले का पुरजोर विरोध करती रहेगी। इस पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह एवं भारी संख्या में अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में करेंगे नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार और सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा व सिविल सर्जन डॉ अजय मरकाम के मार्गदर्शन में 25 जुलाई शुक्रवार को अपोलो अस्पताल बिलासपुर के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अमोल पडेगावकर के द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श जिला चिकित्सालय सूरजपुर में प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक किया जायेगा। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी उपलब्ध रहेगी। इस शिविर में किडनी रोग से संबंधित सभी बीमारियों जैसे- पथरी, किडनी फेल, डायलिसिस में रह रहे मरीज, सभी प्रकार के कैंसर जैसे मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर, प्रोस्टेट ग्रंथि कैंसर, बड़ी आंत का कैंसर, पेट का कैंसर इत्यादि के सम्बंध में परामर्श प्रदान किया जायेगा। इस हेतु पंजीयन तय तिथि में ही जिला अस्पताल में सुनिश्चित किया जायेगा।

## संगम अभियान से जुड़कर महिलाएं बन रही हैं स्वावलंबी



**कोरिया बैकुंठपुर।** महात्मा गांधी नरेगा योजना में पंजीकृत श्रमिकों के परिवारों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा संगम अभियान के तहत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विगत 2 दिनों विकासखंड सोनहत की ग्राम पंचायत तंजरा में पशुपालन पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 35 महिला हितग्राहियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से उन महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्हें मनरेगा के तहत पशु शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड और सुकर पालन शेड प्रदान किए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, बिहान टीम और मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी की भी उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत तंजरा में अब तक 50 श्रमिक परिवारों को अलग-अलग पशुपालन शेड स्वीकृत किए गए हैं। बिहान समूह से जुड़ी इन महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं को अपने पशु संसाधनों का बेहतर उपयोग कर आयवर्धन के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. रामस्वरूप चंदे, पशु विभाग अधिकारी, सोनहत द्वारा बकरी, मुर्गी और अन्य पशुपालन की वैज्ञानिक विधियों, रोग नियंत्रण, आहार प्रबंधन, टीकाकरण और साफ-सफाई जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। महिलाओं ने अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं, जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा किया गया। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संगम अभियान के तहत यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं को आय आधारित गतिविधियों से जोड़कर 'लखपति दीदी' की श्रेणी में लाया जाए। संगम अभियान इस दिशा में एक ठोस कदम है। डॉ. चतुर्वेदी ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इस अभियान के सार्थक और सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे, जिससे न केवल महिलाओं की स्थिति सशक्त होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## परिवीक्षा अवधि में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी चुस्ती और जिम्मेदारी से करें कार्य-कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में विभिन्न विभागों में नियुक्त नए अधिकारी- कर्मचारी इन दिनों परिवीक्षा अवधि में कार्यरत हैं। जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि यह समय बेस्ट परफॉर्मेंस का है। शासन की योजनाओं को समझने और उत्कृष्ट कार्य क्षमता दिखाने का यह उपयुक्त अवसर है। कलेक्टर ने कहा कि परिवीक्षा अवधि केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सेवा में अपनी दक्षता और जिम्मेदारी को साबित करने का महत्वपूर्ण दौर होता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारी सुस्ती नहीं, चुस्ती और फुर्ती के साथ कार्य करें तथा अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने नवपदस्थ अधिकारियों से आग्रह किया कि जहाँ जानकारी में कमी हो, वहाँ अपने वरिष्ठों या अनुभवी स्टाफ से मार्गदर्शन अवश्य लें। कलेक्टर ने कहा कि परिवार और समाज की तरह शासन-प्रशासन को भी आपसे कार्यकुशलता और व्यवहारिकता की अपेक्षा होती है। अंत में उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे उनकी सेवा में बाधा उत्पन्न हो। उन्होंने विश्वास जताया कि परिवीक्षा अवधि में की गई मेहनत भविष्य में उन्हें और अधिक जिम्मेदार भूमिकाओं के लिए तैयार करेगी।

# टालमटोल के बजाए जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करने पर ध्यान दें अधिकारी, डीएम त्रिपाठी का आदेश

**कोरिया बैकुंठपुर।** साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आमजनों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों से जुड़े एक-एक आवेदन का गंभीरता से अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनदर्शन केवल आवेदन लेने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान का उत्तरदायी मंच है।



कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और किसी भी पीड़ित को न्याय के लिए भटकना न पड़े और यही सुशासन उद्देश्य भी है। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान के साथ-साथ उनकी प्रगति और निराकरण की सूचना आवेदकों को देना भी जरूरी है। जनदर्शन के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतों और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त होते हैं, जैसे राजस्व सम्बन्धी नक़ल पत्र की आवश्यकता, भूमि विवाद व अवैध कब्जा, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्माण, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण की मांग, पौधों की सुरक्षा, नहर मरम्मत, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार जर्जर सड़कों की मरम्मत, नई सड़कों की मांग, आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई आदि शामिल होते हैं। ऐसे सभी मामलों में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए त्वरित, पारदर्शी एवं विधिसम्मत निराकरण के निर्देश दिए हैं। न्यायालयीन प्रकरणों में लग सकता है समय,कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ आवेदन न्यायालयीन प्रकृति के होते हैं, जिनमें निर्णय प्रक्रिया में समय लग सकता है। फिर भी प्रशासन की जिम्मेदारी है कि हर आवेदन पर यथासंभव शीघ्र और न्यायपूर्ण निर्णय किया जाए। श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि आवेदकों के अधूरे दस्तावेजों की स्थिति में उन्हें सही मार्गदर्शन दें। हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि आवेदकों से सौम्यता, विनम्रता और सहानुभूति के साथ व्यवहार करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि टालमटोल या उपेक्षा का रवैया जनता की उम्मीदों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। यदि कोई आवेदन भूलवश किसी अन्य कार्यालय के नाम से हो तो संबंधित अधिकारी को सूचित कर आवेदक को सही दिशा प्रदान करें। अंत में कलेक्टर ने कहा कि हर आवेदन के पीछे एक उम्मीद, एक आवश्यकता और एक भरोसा होता है। हमारी जवाबदेही है कि इस भरोसे को कायम रखें और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती और खरोरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 56 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दर्री तालाब के पास भाठागांव में दबिश देकर आरोपी ललीत गोडाने 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 39 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम भैंसा भाठापारा के पास आरोपी अजय साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है।

## जिला पंचायत सदस्य सुषमा कोराम व स्नेहलता उदय ने उठाया जिम्मा



**कोरिया बैकुंठपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान को जिले में जनांदोलन बनाने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अपील अब असर दिखा रही है। टीबी मरीजों को पोषण सहायता देने 'निक्षय मित्र' के रूप में अब जनप्रतिनिधि आगे आ रहे हैं। आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी बचरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (स्वास्थ्य विभाग) श्रीमती सुषमा कोराम और जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (कृषि विभाग) श्रीमती स्नेहलता उदय ने अपने-अपने क्षेत्र के 5-5 टीबी मरीजों को गोद लेकर 6 माह तक प्रोटीन युक्त पोषण आहार देने की घोषणा की। श्रीमती सुषमा कोराम ने कहा, यह एक पुनीत कार्य है। कोई भी नागरिक या जनप्रतिनिधि निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण सहायता दे सकता है। वहीं श्रीमती स्नेहलता उदय ने कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, सीईओ जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी पहल से हमें अपने क्षेत्र की सेवा का अवसर मिला। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिले में 128 टीबी मरीज नियमित दवा ले रहे हैं। सामान्य टीबी का इलाज लगभग 6 माह चलता है, जिसमें पोषण आहार की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच और उपचार पूरी तरह नि:शुल्क है।

# भाजपा ने पत्रकार वार्ता में किया कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश

## भूपेश बघेल ने अपने आकाओं के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के संसाधनों को बेचा -बाबूलाल अग्रवाल

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र मोह को लेकर राजनीति एक बार फिर गरमा गई है, भाजपा ने मंगलवार को विश्राम गृह बैकुण्ठपुर में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि, भूपेश बघेल ने अपने बेटे चैतन्य बघेल को बचाने के लिए पूरी कांग्रेस को सड़कों पर उतार दिया है, जबकि चैतन्य का पार्टी में कोई पद ही नहीं है।




भाजपा नेता बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि, कांग्रेस बताए कि, चैतन्य बघेल किस जिम्मेदारी पर है, जिसके लिए पूरी पार्टी प्रदर्शन कर रही है, इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंक दिया है। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेंगी। कोल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है, कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है आप सबको पता होगा कि, कांग्रेस शासनकाल के पांच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था, शराब घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जमकर लूटा था, आज इन सभी घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे है सभी जेल जा रहे है और बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरूद्ध हो रही कानूनी कार्यवाही को कहीं और मोड़ा जा रहा है, यह दुर्भाग्यजनक है।

जांच एजेंसी का खुलासा- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रूपए कमीशन मिले।

भूपेश सरकार के शराब घोटाले की परतें अब खुलती जा रही है। ईडी की चार्जशी

ट में खुलासा हुआ है कि, भूपेश के भ्रष्टाचारी बेटे चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपए कैश में दिए गए। पैसा सीधे शराब घोटाले के मास्टर माइंड अनवर ढेबर के नेटवर्क से आया था और इस रकम का निवेश चैतन्य ने रियल एस्टेट कंपनियों में किया है। अब सवाल ये है, क्या भूपेश बघेल को पता था कि, उनका बेटा शराब माफिया से पैसा लेकर रियल स्टेट में लगा रहा है या भूपेश ने जानबूझकर शराब घोटाले से मिली रकम को अपने बेटे के कारोबार में लगवाया है। अब जो 16.70 करोड़ की रियल एस्टेट कहानी उजागर हुई है, वो तो सिर्फ कांग्रेसी भ्रष्टाचार का ट्रेलर है, फिल्म बाकी है। प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, भाजपा नेता शशि तिवारी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष भानू पाल, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाडे, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, पार्षद अवधेश सिंह उपस्थित रहे।



## लज्या-अशोक कुमार अलंग स्मृति सम्मान समारोह 2025 संपन्न, मेधावी छात्र-छात्राएँ हुए सम्मानित

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में लज्या-अशोक कुमार अलंग स्मृति सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह वार्षिक कार्यक्रम शिक्षाविद् स्व. अशोक कुमार अलंग एवं स्व. लज्या अलंग की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जाता है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य उमाशंकर शुक्ला व वरिष्ठ व्यवसायी प्रकाश जायसवाल उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में श्री शुक्ला ने स्व. अशोक कुमार अलंग एवं स्व. लज्या अलंग के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वहीं, मुख्य अतिथि जितेंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर मेहनत और समर्पण से कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शासकीय रामानुज विद्यालय एवं आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएँ-कमल भान, कक्षा 10वीं, पिता महेन्द्र सिंह - 91.3 प्रतिशत, योगेश कुमार, कक्षा 12वीं, पिता राम लखन - 85.6प्रतिशत,मासूमा परवीन, कक्षा 10वीं, पिता तनवीर अंसारी - 92.2प्रतिशत, खुशबु, कक्षा 12वीं, पिता सूर्यमल - 90 प्रतिशत कार्यक्रम का सफल संचालन योगेश गुप्ता द्वारा किया गया। समारोह में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बिजली विभाग कार्यालय का घेराव राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा चौथी बार बिजली की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ आज जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का कांग्रेसजनों द्वारा घेराव किया गया। इस दौरान भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप नारेबाज़ी करते हुए बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की माँग की। कार्यक्रम के पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। कांग्रेस का कहना था कि भाजपा की साय सरकार ने मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर चौथी बार बिजली दरों में बढ़ोतरी कर आमजन, किसान और व्यापारी वर्ग पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू (वाणिज्यिक) उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट, और सबसे अधिक कृषि पंपों पर 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। किसानों की चिंता विशेष रूप से जताई गई कि जिस देश की अर्थव्यवस्था खेती पर टिकी हो, वहाँ पंपों की बिजली दरों में 50 पैसे की वृद्धि भुखमरी के कगार पर खड़े किसान को पूरी तरह तोड़ देगी। खाद, बीज, डीजल पहले से ही महंगे हैं, ऊपर से बिजली दर बढ़ा कर सरकार किसानों की रीढ़ ही तोड़ रही है। बिजली की बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लेने, किसानों को राहत देने,स्मार्ट व प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त करने, अघोषित कटौती पर रोक लगाने, तथा निरंतर एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की माँग की गई। इन तमाम मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला स्तरीय बिजली कार्यालय का घेराव किया।

# सड़कों पर मवेशियों के कारण हादसे हुए तो होगी सख्त कार्यवाही

## टीएल बैठक में जिलाधीश ने अधिकारियों को नसीहत दी, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं, आगामी व्यापम परीक्षा की तैयारियों, धरती आबा अभियान की प्रगति तथा नगरीय समस्याओं को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।




कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए नोडल अधिकारियों के साथ उड़नदस्ता दल, मेटल डिटेक्टर व मैनुअल जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।परीक्षार्थियों के लिए कड़े नियम लागू होंगे। उन्होंने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड, जाति-निवास प्रमाणपत्र, पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, केसीसी कार्ड, आधार आदि का लाभ जनजातीय परिवारों तक शत-प्रतिशत पहुँचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासकीय परिसरों, विद्यालयों व आंगनबाड़ियों के आसपास बड़े पैमाने पर पौधरोपण करें। श्रीमती त्रिपाठी ने सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों को लेकर नाराजगी जताते हुए पशुपालन, नगरीय व जनपद अधिकारियों को समन्वय कर नियमित मुहिम चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने नोडल अधिकारियों से यह भी कहा कि विद्यालय, छात्रावास, उचित मूल्य दुकान, स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर समस्याओं की जानकारी दी जाए, जिससे समयबद्ध निराकरण हो सके। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत में जीर्ण भवनों, कमरों में आंगनबाड़ी, स्कूल आदि का संचालन न करें। जनदर्शन व सीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी देते हुए कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदारों व सम्बंधित अधिकारियों को इसकी नियमित समीक्षा करने कहा।

न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत करने में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में खाद-बीज की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि फिलहाल जिले में खाद की कोई कमी नहीं है और नैनो डीएपी का समुचित वितरण सभी समितियों में किया गया है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## टाटा एस की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर।** ग्राम पचेड़ा के पास टाटा एस वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने टाटा एस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक नंदलाल यादव 21 वर्ष नवागांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि नंदलाल अपनी स्कूटी से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम पचेड़ा के पास टाटा एस क्रमांक सीजी 04 एमएम 7490 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी सवार नंदलाल की मौत हो गई। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

# गेवरा खदान मे ड्रिल मशीन ने कुचला, हेल्पर की दर्दनाक मौत

## जिंदगी को बेहतर करने आया था नेपाल से

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा खदान में बुधवार तड़के एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर दिया। खदान क्षेत्र में कार्यरत कॉलिंगा कंपनी के 25 वर्षीय हेल्पर राजन राणा की उस समय मौत हो गई जब एक ड्रिल मशीन ने उसे कुचल दिया। यह हादसा सुबह करीब 3 बजे हुआ जब ड्रिल मशीन का चालक लापरवाही से वाहन को रिवर्स कर रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक राजन राणा नेपाल का निवासी था और काम के सिलसिले में गेवरा खदान में तैनात था। वह खदान परिसर के 22 नंबर मेस में रह रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय राजन मशीन के पीछे खड़ा था। चालक ने बिना देखे वाहन को रिवर्स किया, जिससे राजन सीधे चपेट में आ गया।

गंभीर रूप से घायल हेल्पर को तत्काल इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस और खदान प्रबंधन ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घटनास्थल को सुरक्षित


*एसईसीएल की गेवरा खदान में आज सुबह हुआ हादसे। इनसेट में मृतक राजन*

किया गया है। घटना के बाद खदान क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय श्रमिकों और कर्मचारियों ने ड्रिल मशीन चालक की लापरवाही और कॉलिंग कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था की कमी को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लोगों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि खदानों में अकसर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है, जिससे इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। मजदूर संगठन ने भी इस हादसे पर गहरी नाराजगी जाहिर की है और एसईसीएल प्रबंधन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और चालक के विरुद्ध उचित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, खदान प्रबंधन ने भी आंतरिक जांच का भरोसा दिलाया है।



## बांगो सचिव का मिला जला हुआ शव, हत्या का संदेह

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की बांगों पंचायत में कार्यरत सचिव सुष्मा खुसरो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई उसका शव जली हुई स्थिति में मिला है। यह मामला खुदकुशी का है या हत्या का, इसका खुलासा जांच में स्पष्ट होने की बात पुलिस कर रही है। मामले में मर्ग कायम करने के साथ पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
सिविल लाईन थाना के अंतर्गत जिलाजेल के पीछे आवासीय क्षेत्र में महिला का शव जला हुआ मिला। इससे प्राथमिक रूप से माना गया कि जलने से मौत हुई है। खबर होने पर आसपास में सनसनी फैल गई। कुछ देर बाद यहां पुलिस पहुंची और आवश्यक मुआयना के साथ जानकारी जुटायी। इस दौरान पता चला कि मृतका अपने पति के साथ यहां निवासरत थसी। सिविल लाईन टीआई प्रमोद डनसेना ने बताया कि विभिन्न श्रोतों से जो कुछ पता चला, उसमें कहा गया कि सुषमा ने किसी सूर्यवंशी से लवमैरिज की थी। कोरबा में रहकर दोनों अपने कामकाज पर जाते थे। इस बीच ऐसा कुछ हुआ, जिसकी परणति यह घटना हुई। प्रकरण में प्राथमिक रूप से बीएनएसएस के तहत मर्ग रजिस्टर्ड किया गया है। उक्तानुसार कार्यवाही की जा रही है। खबर यह भी है कि कटघोरा जनपद क्षेत्र के एक सचिव के साथ मृतका का अफेयर था।

## कटघोरा में गड्ढों के हवाले सड़क, हादसे का डर



**कोरबा/कटघोरा।** कटघोरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 के अंतर्गत आने वाला कटघोरा-अम्बिकापुर मुख्य मार्ग का कुछ हिस्सा इस समय अत्यंत जर्जर हालत में पहुंच चुका है। महाबली स्टोर्स और पवन ज्वेलर्स के सामने का हिस्सा तो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इससे हादसे का डर बना हुआ है।

यह मार्ग नगर का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहाँ से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन - जिनमें बसें, चार पहिया वाहन और दुपहिया वाहन शामिल हैं - गुजरते हैं। साथ ही स्थानीय निवासी भी बड़ी संख्या में इस रास्ते का उपयोग करते हैं। लेकिन सड़क की बिगड़ती हालत और लगातार हो रही बारिश ने स्थिति को और बदतर बना दिया है।

स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है जब गाड़ी धुलाई व ऑटो पार्ट्स की दुकानों से निकलने वाला पानी सीधे सड़क पर बहकर आता है, जिससे सड़क पर कीचड़ और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पानी के भराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, और लोग अचानक इन खतरनाक गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं। रात्रि के समय इस मार्ग पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

नागरिकों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग विभाग क्रमांक 1, कटघोरा को इस जर्जर सड़क की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। विभाग की यह उदासीनता सीधे तौर पर उसकी निष्क्रियता और जनहित के प्रति लापरवाही को उजागर करती है। कई बार शिकायत की गई लेकिन एक्शन नहीं हुआ।

स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने यह आशंका व्यक्त की है कि यदि समय रहते इस मार्ग की मरम्मत नहीं करवाई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इनका कहना है हर रोज बच्चों को स्कूल छोड़ने जाना पड़ता है। लेकिन गड्ढों से भरी इस सड़क पर चलना एक जोखिम जैसा हो गया है। प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। वहीं दुकानदारों का कहना है हमारे सामने रोज कोई न कोई बाइक वाला गिरता है।

## भामस का क्षेत्रों में बढ़ा प्रभाव

**कोरबा।** भामस का प्रभाव सभी क्षेत्रों में बढ़ता जा रहा है। बिजली व कोयला क्षेत्र में इसका असर भी दिखाई देने लगा है। बिजली क्षेत्र में राष्ट्रीय नेता राधेश्याम जायसवाल व सत्येंद्र दुबे ने प्रारंभ से ही मेहनत कर संगठन को आगे बढ़ाया। आज बिजली क्षेत्र में राधेश्याम जायसवाल, भामस के राष्ट्रीय सचिव बनकर संगठन को आगे बढ़ाया है। जबकि सत्येंद्र दुबे वर्तमान में आरएसएस को आगे बढ़ा रहे हैं। आज भी इन दोनों नेताओं का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ भी बिजली क्षेत्र में काम कर रहे हैं। बिजली कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने सभी क्षेत्रों में सदस्य संख्या को बढ़ाया है।

## हाथी पहुंचा सड़क पर

**कोरबा ।** उरगा-कुदमुरा मार्ग पर एक विशालकाय हाथी ने अफरा-तफरी मचा दी। हाथी ग्राम तौलीपाली के बांसबाड़ी के पास सड़क पार कर रहा था। हाथी को सड़क पार करते देख वाहन चालकों ने वाहन खड़ी करने के साथ उसकी गतिविधियों पर बराबर नजर रखी कि कहीं वह उनकी तरफ न आ जाए। उस दौरान मार्ग पर कई लोग मौजूद थे जिनमें से कई लोगों ने हाथी का वीडियो बनाया। जानकारी के अनुसार कुदमुरा वन परिक्षेत्र के तौलीपाली बासबाड़ी के पास हाथी को देखा गया।

## भक्तों को हथियार से डराया, 6 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** सावन सोमवार की रात श्रद्धालुओं की आस्था के बीच कुछ उपद्रवियों ने नहर रोड कनबेरी क्षेत्र को आतंकित करने का प्रयास किया। हथियार के साथ 6 आरोपी पकड़े गए।

मामला थाना उरगा क्षेत्र के कनबेरी बाजार का है, जहां 21 जुलाई की रात लगभग 2.30 बजे श्रद्धालु कनकेश्वर धाम जा रहे थे। उसी दौरान आरोपियों ने हथियार के साथ उन्हें डराया। प्रार्थी मेघनाथ यादव की शिकायत पर पुलिस ने धारा 292, 296, 3(5) बीएनएस, 4, 25(1)(ख), 6, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। जांच में सामने आया कि आरोपीगण राहुल यादव (21 वर्ष) निवासी खपराभट्ठा, विक्रम शर्मा (19 वर्ष) निवासी टीपी नगर के अलावा 4 विधि से संघर्षरत बालक शामिल थे। इनके पास से नकली



पिस्टल (लाईटर गन) और मोटरसाइकिल चैन से बना फरसा जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों को जेल भेजा वहीं चारों नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश तिवारी, अजय सोनवानी, प्रआर रामू कुर्मी, बसंत भैना, अजय यादव, नितेश तिवारी, प्रेमचंद साहू, सुशील यादव और सैनिक शांतनु राजवाड़े की विशेष भूमिका रही।

## शिक्षक निलंबित

**कोरबा।** शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा जारी आदेश के तहत शिक्षक भानु यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन का यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।भानु यादव शिक्षक (एल.बी.) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुरपा वि.ख. कटघोरा के विरूद्ध श्रीमती भानुमति जायसवाल पार्षद वार्ड क्र.61 नगर निगम कोरबा के द्वारा मंत्री श्रम उद्योग एवं वाणिजय छ.ग. शासन को लिखित शिकायत किया गया था। भानु यादव के विरुध्द भाजपा सदस्यों (पार्षद) को शराब पीकर गाली-गलौच किया जाना, नगरीय निकाय चुनाव में चुनाव प्रभारी बनकर राजनीति करना, उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर इधर-उधर घूमते रहना, संस्था में अध्यापन कार्य नहीं कराना एवं अन्य बिन्दुओं पर शिकायत किया गया।

भामस के स्थापना दिवस पर बिजली कर्मचारियों का हार्दिक अभिनंदन





राधेश्याम जायसवाल
राष्ट्रीय सचिव
भामसं

## दो माह पहले काम से निकाले गए 80 ठेका कर्मचारी नहीं किए गए बहाल

कोरबा । सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना मानिकपुर खदान में नियोजित एक निजी ठेका कंपनी ने दो महीना पहले लगभग 80 कर्मियों को काम से निकाल दिया है। इनकी अब तक बहाली नहीं हुई है। इससे अब ठेका कर्मियों ने भू-विस्थापित कामगार संगठन के बैनर तले 30 जुलाई को खदान बंद करने चेतावनी दी है। इनका कहना है कि ओबी फेन्स पर पानी भरने का हवाला देकर बिना किसी पूर्व सूचना के काम पर नहीं आने की जानकारी दी।

एसईसीएल मानिकपुर माइंस में खदानबंदी आंदोलन की प्रशासन को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देकर जानकारी दी है। ज्ञापन में बताया है कि मानिकपुर खदान में ओवरबर्डन हटाने का ठेका कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड कंपनी को मिला है। निजी कंपनी बदलने के बाद दो साल से यह कंपनी मिट्टी खनन और डंपिंग यार्ड तक परिवहन का काम कर रही है। बीते 18 मई से लगभग 80 ठेका कामगारों को बिना पूर्व सूचना के काम से निकाल दिया है। इन कामगारों में भारी वाहनों के चालक और हैवी मशीनों के ऑपरेटर शामिल हैं। निविदा की अवधि भी इसी साल के दिसंबर महीने तक है। 1095 दिन का वर्क ऑर्डर जारी किया गया है।

इससे पहले कामगारों को बिना सूचना दिए काम बंद करा दिया है। ठेका समाप्त होने में 7 माह को अवधि बची हुई है।

## बालको ने क्वालिटी संकल्प से बढ़ाई गुणवत्ता

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 'क्वालिटी संकल्प' नामक एक गुणवत्ता परिवर्तन पहल की शुरुआत की है। यह कंपनी की 'शून्य दोष' प्राप्त करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और विविध उत्पाद श्रेणियों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मासिक आयोजन में 300 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों ने भाग लिया, जिससे संयंत्र में गुणवत्ता के प्रति साझी जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिला।
बालको में गुणवत्ता हर उत्पादन चरण का अभिन्न और अनिवार्य हिस्सा है। कच्चे माल के चयन से लेकर अंतिम उत्पाद निरीक्षण तक सभी चरणों में गुणवत्ता जांच की जाती है। कोक, पिच, एल्युमिना और एल्यूमिनियम फ्लोराइड जैसे कच्चे माल की रासायनिक और भौतिक मापदंडों, कार्बन और सल्फर की मात्रा एवं कण आकार की सूक्ष्मता से जांच की जाती है ताकि स्मेल्टिंग प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाई जा सके।
पॉटलाइन में धातु पिघलाने की प्रक्रिया के दौरान क्रायोलाइट अनुपात को नियंत्रित किया जाता है जिससे इलेक्ट्रोलिसिस की प्रभावशीलता बढ़े। उसके बाद उत्पन्न पिघले हुए एल्यूमिनियम की शुद्धता जांच की जाती है और फिर उसे कास्ट किया जाता है। कास्टिंग के बाद मिश्र धातु तत्वों के समान वितरण के उपरांत धातु की संरचनात्मक जांच की जाती है। इन सभी चरण पर की गई गुणवत्ता जांच न केवल उत्पाद की विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है, बल्कि पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार और सस्टेनेबलव



संचालन में भी योगदान देती है।
**'क्वालिटी संकल्प' को 'स्टैंडर्ड वर्क** = क्वालिटी वर्क' की थीम के अंतर्गत शुरू की गई है, जो यह दर्शाता है कि मानकीकृत प्रक्रियाएं ही उच्च गुणवत्ता प्राप्त करने की कुंजी होती हैं। यह मासिक पहल व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहारिक बदलाव को बढ़ावा देकर, संगठन भर में गुणवत्ता से जुड़े कार्यों की शिक्षा, निगरानी और सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देती है। इससे बालको को धातु उद्योग में एक उच्च गुणवत्ता वाला एल्युमिनियम निर्माता बनने में मदद मिलेगी।
बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी में गुणवत्ता केवल एक लक्ष्य नहीं है, यह हमारा कार्य करने का तरीका है। हम अपने एल्यूमिनियम उत्पादन में गुणवत्ता को सर्वोपरि रखते हैं, और 'क्वालिटी संकल्प' जैसे पहल के माध्यम से हम एक ऐसी संस्कृति को विकसित कर रहे हैं जो व्यक्तिगत उत्तरदायित्व, व्यवहारिक परिवर्तन और सतत सुधार को बढ़ावा देती है। यह परिवर्तन हमें निरंतर और सस्टेनेबल उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए सक्षम बनाएगा।

क्वालिटी संकल्प के साथ-साथ बालको सालभर कई गुणवत्ता-संबंधी पहल को संचालित करता है, जैसे कि 'क्वालिटी नॉलेज बाइट्स' जो गुणवत्ता सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाली एक लर्निंग सीरीज है। कंपनी विश्व गुणवत्ता सप्ताह को उत्सव के रूप में मनाती है जिसमें विभिन्न इंटरैक्टिव कार्यक्रमों का आयोजन और 'स्टैंडर्ड कार्निवल्स' भी शामिल होती है।
बालको को प्राप्त विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र इसकी गुणवत्ता, स्थायित्व और प्रचालन उत्कृष्टता को दर्शाते हैं। एल्यूमिनियम मूल्य श्रृंखला में स्थायित्व के लिए कंपनी को एल्युमिनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) प्रमाणन प्राप्त है। इसके अलावा, 12 मिमी वायर रॉड्स, ईसी इंगॉट्स, अलॉय इंगॉट्स, प्राइमरी इंगॉट्स, रोल्ड शीट्स, कंडक्टर प्लेट्स और रोल्ड प्लेट्स की गुणवत्ता को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित किया गया है। साथ ही बालको को आईएसओ 9001:2015 (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली), आईएसओ 14001:2015 (पर्यावरण प्रबंधन), आईएसओ 45001:2018 (कार्यस्थल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा), आईएसओ 50001:2018 (ऊर्जा प्रबंधन), आईएसओ/आईईसी 17025:2017 (एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला परीक्षण) और आईएटीएफ 16949:2016 (ऑटोमोटिव उद्योग के लिए उत्पादन व आपूर्ति) जैसे प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र प्राप्त हैं, जो इसे उद्योग में गुणवत्ता और सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाते हैं

भामस के स्थापना दिवस पर बिजली कर्मचारियों का हार्दिक अभिनंदन



राधेश्याम जायसवाल
नवरतन बरेठ
अजय मिश्रा
विनित
अजय मिश्रा भामस जिलाध्यक्ष कोरबा

भामस के स्थापना दिवस पर बिजली कर्मचारियों का हार्दिक अभिनंदन



नवरतन बरेठ
महामंत्री
बिजली कर्मचारी महासंघ

भामसं के स्थापना दिवस पर कोयला कामगारों का हार्दिक अभिनंदन



संजय दयाल
अध्यक्ष
बीकेकेएमएस,
जीएम शाखा कोरबा

भुनेश्वर कश्यप
सचिव
बीकेकेएमएस,
जीएम शाखा कोरबा

विनीत : बीकेकेएमएस जीएम शाखा के समस्त कार्यकर्ता



एल.पी.अघरिया
अध्यक्ष
एटक,
गेवरा एरिया

दीपक उपाध्याय
महामंत्री
एटक
गेवरा एरिया

गोपाल यादव
कार्यवाहक अध्यक्ष
एटक
गेवरा एरिया

युवा नेता गोपाल यादव को गेवरा एरिया एटक का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई

विनीत : गेवरा एरिया एटक के समस्त कार्यकर्ता




## पे अपग्रेडेशन मामले की सुनवाई टली

**कोरबा।** कोयला अधिकारियों के पेअपग्रेडेशन के मामले में कल 22 जुलाई को जबलपुर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोल इंडिया प्रबंधन ने समय की मांग की, जिसे माननीय कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 6 अगस्त को तय की है।

नमः शिवाय
मकान/प्लाट उपलब्ध है
एचआईजी, एमआईजी एम.पी.नगर में व आर.एस.एस नगर में 2400 स्क्वायर फीट प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606









































स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com